उज्जैन
बुधवार
30
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-327
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 रोमियो लेन का किचन बंद, बिना लाइसेंस बन रहे मोमोज पर भी रोक

7 सचिन-कोहली के क्लब में आ सकते हैं रोहित शर्मा



## अजय देवगन की 'दृश्यम-3' की रिलीज पर रोक की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

अजय देवगन स्टारर फिल्म 'दृश्यम 3: द कंक्लुजन' की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की गई है। मद्रास हाईकोर्ट में मेसर्स राजकुमार थिएटर प्राइवेट लिमिटेड ने मेसर्स वाइड एंगल क्रिएशंस के खिलाफ याचिका दायर कर फिल्म की वर्ल्डवाइड रिलीज और डिस्ट्रीब्यूशन पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। कंपनी का आरोप है कि उनकी मंजूरी के बिना फिल्म का हिंदी वर्जन बनाना कॉपीराइट नियमों का उल्लंघन है। हालांकि मद्रास हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई टाल दी है। कोर्ट में मामला पेंडिंग होने के बावजूद फिल्म की एडवांस बुकिंग तेजी से चल रही है। फिल्म 2 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस के. कुमारेश बाबू की बेंच के सामने इस मामले की सुनवाई हुई। दृश्यम 3 के खिलाफ याचिका में कहा गया है कि जब तक कॉपीराइट से जुड़ा मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) का मामला नहीं सुलझ जाता, तब तक फिल्म को दुनियाभर में प्रदर्शित न किया जाए। कंपनी का दावा है कि उनके पास फिल्म के एडेप्टेशन राइट्स और कॉपीराइट अधिकार हैं, जिनका उल्लंघन करके यह हिंदी रीमेक बनाया गया है।

### देश

- **भाजपा** संसदीय बोर्ड में आधे सदस्य बदले जा सकते हैं, येदियुरप्पा और जटिया को हटाया जा सकता है, दोनों की उम्र 80 के पार
- **सुप्रीम कोर्ट** में हो सकती हैं 3 महिला जज, गुजरात हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस सुनीता अग्रवाल के नाम की सिफारिश, अभी सिर्फ दो
- **एसआईआर** पर आज इंडिया ब्लॉक की बैठक, ममता एक दिन पहले पहुंची, दिल्ली में पोस्टर लगे, जीतने पर ईसीआई को ताली, हारने पर गाली
- **पीएम मोदी** की डिग्री मामले में केजरीवाल की याचिका खारिज, 10 साल से चल रही थी सुनवाई, यूनिवर्सिटी से की थी डिग्री दिखाने की मांग
- एनआईए ने असम के बारपेटा से 6 लोगों को गिरफ्तार किया, युवाओं को कट्टरपंथी बनाने का आरोप

### विदेश

- **पाकिस्तान** ने बांग्लादेश जा रहा न्यूक्लियर फ्यूल रोका, रूसी प्लेन को एयरस्पेस नहीं दिया, बिजली संकट के बीच पावर प्लांट का ईंधन नहीं पहुंचा
- **रूस का परमाणु हथियार** ले जाने में सक्षम विमान क्रैश, 6 की मौत, यह प्लेन एक बार में 10,000किमी से ज्यादा दूरी तय कर सकता है
- **ईरान में** 25 लाख रियाल के बराबर 1 डॉलर, जंग की वजह से 7 महीने में 50% कमजोर हुई मुद्रा, सबसे निचले स्तर पर पहुंची

### व्यापार

- ट्रम्प ने एआई का नाम बदलकर सुपर इंटेलिजेंस किया, एआई की दौड़ में अमेरिका को चीन से आगे बताया
- महाराष्ट्र एफडीए ने बेबी मिल्क पर नियम सख्त किए, 'मां का दूध सबसे अच्छा' लिखना अनिवार्य, बेबी की तस्वीर लगाना भी

### कार्टून..




### हर बिजनेस नंबर को महीने में पहले 1,000 सर्विस मैसेज मुफ्त मिलेंगे, फिलहाल बिजनेस कंपनियों पर लागू

# वॉट्सएप पर हर मैसेज भेजने पर कल से लगेगा चार्ज

## कस्टमर को कोई शुल्क नहीं देना होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

1 अक्टूबर से वॉट्सएप बिजनेस प्लेटफॉर्म पर कंपनियों की तरफ से कस्टमर को भेजे जाने वाले मैसेजेस पर चार्ज लगेगा। अभी ग्राहक के मैसेज के पूछताछ वाले मैसेज के बाद 24 घंटे तक कंपनियां मुफ्त जवाब भेज सकती हैं।

अब इस अवधि में भेजे हर सेवा संदेश पर अलग शुल्क लगेगा। ऑर्डर की पुष्टि और डिलीवरी अपडेट जैसे मैसेज भी फ्री नहीं रहेंगे। हर बिजनेस नंबर को महीने में पहले 1,000 सर्विस मैसेज मुफ्त मिलेंगे। इसके बाद कर्मचारी या चैटबॉट से भेजे हर मैसेज पर शुल्क लगेगा।

ग्राहक की ओर से कंपनी को भेजे मैसेज पर कोई शुल्क नहीं होगा। सामान्य



वॉट्सएप और छोटे कारोबारों के लिए बने मुफ्त वॉट्सएप बिजनेस एप पर यह नियम लागू नहीं होगा।

कंपनियों को 30 सितंबर तक भुगतान का तरीका अपने अकाउंट में जोड़ना होगा। ऐसा नहीं करने पर 1 अक्टूबर से उनके सर्विस मैसेज की डिलीवरी रोक दी जाएगी।

- **1 अक्टूबर से वॉट्सएप में क्या बदल रहा है-** 1 अक्टूबर 2026 से कंपनियों की ओर से वॉट्सएप बिजनेस पर भेजे जाने वाले कुछ सर्विस मैसेज पेड हो जाएंगे। यानी कंपनियों को ऐसे मैसेज भेजने के लिए वॉट्सएप की पैरेंट कंपनी मेटा को शुल्क देना होगा।
- **अभी तक क्या होता था-** कुछ नॉन टेंपलेट सर्विस मैसेजेस और 24 घंटे की कस्टमर सर्विस विंडो के दौरान भेजे जाने वाले कुछ यूटिलिटी मैसेज पर कंपनियों से शुल्क नहीं लिया जाता था। अब इस व्यवस्था में बदलाव हो रहा है।
- **सर्विस मैसेज क्या होता है-** जब कोई ग्राहक कंपनी से वॉट्सएप पर बातचीत करता है और कंपनी की ओर से उसे कस्टमर सर्विस कर्मचारी या थर्ड पार्टी अकसिस्टम जवाब देता है, तो उसे सर्विस मैसेज कहा जाता है।
- **क्या कंपनी खुद से सर्विस मैसेज भेजकर नई बातचीत शुरू कर सकती है-** नहीं। सर्विस मैसेज तभी भेजा जा सकता है जब ग्राहक के साथ 24 घंटे की कस्टमर सर्विस विंडो खुली हो।
- **24 घंटे की कस्टमर सर्विस विंडो क्या है-** जब ग्राहक कंपनी को वॉट्सएप पर मैसेज करता है, तो उसके बाद एक निर्धारित 24 घंटे की अवधि होती है, जिसमें कंपनी ग्राहक को जवाब दे सकती है। इसी दौरान भेजे जाने वाले कुछ मैसेज सर्विस मैसेज की कैटेगरी में आते हैं।
- **क्या मार्केटिंग मैसेज भी पेड हैं-** हां। कंपनियों से मार्केटिंग, यूटिलिटी और ऑथेंटिकेशन टेंपलेट मैसेज के लिए पहले से शुल्क लिया जाता है। 1 अक्टूबर से सर्विस मैसेज भी पेड कैटेगरी में जुड़ जाएंगे।
- **भारत में सर्विस मैसेज की कीमत कितनी होगी-** मेटा के अनुसार इसकी कीमत हर बाजार के हिसाब से होगी। भारत में सर्विस मैसेज की दर यूटिलिटी और ऑथेंटिकेशन मैसेज की दर के बराबर होगी।
- **कंपनियों को 30 सितंबर तक क्या करना होगा-** वॉट्सएप बिजनेस इस्तेमाल करने वाली कंपनियों को अपने अकाउंट में पेमेंट मेथेड जोड़ना होगा। ऐसा नहीं करने पर 1 अक्टूबर से उनके सर्विस मैसेज की डिलीवरी रोक दी जाएगी।
- **क्या हर वॉट्सएप बिजनेस मैसेज अब पेड हो जाएगा-** नहीं। सभी मैसेज पर शुल्क नहीं लगेगा। टीम ने फ्री एंट्री पॉइंट विंडो में बदलाव नहीं किया है।
- **फ्री एंट्री पॉइंट विंडो क्या है-** अगर कोई ग्राहक ऐसे विज्ञापन पर क्लिक करके वॉट्सएप पर आता है, जिसमें वॉट्सएप चैट खोलने का विकल्प होता है, तो उसएंट्री पॉइंट विंडो के दौरान भेजे गए मैसेज की डिलीवरी मुफ्त रहती है।

# श्राद्ध कर रहे परिवार के 5 लोगों की मौत

### झांसी में एक को बचाने में सभी नदी में डूबे, मृतकों में बाप-बेटे, भतीजे और भांजे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ झांसी

झांसी में श्राद्ध कर्म के दौरान बड़ा हादसा हो गया। सुखनई नदी में एक ही परिवार के 5 लोग डूब गए। हादसे में बाप-बेटे, भतीजे और भांजे समेत 5 लोगों की मौत हो गई।

चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस गोताखोरों को लेकर मौके पर पहुंची। करीब 30 मिनट तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर पांचों शवों को बाहर निकाला गया। मामला मऊरानीपुर थाना क्षेत्र का मंगलवार दोपहर 12 बजे का है।

देवीसिंह पुरा में रहने वाले अनूप तिवारी (45) अपने बेटे अर्पित (12), भांजे पुष्कर शुक्ला (23), भतीजे अभिनय तिवारी (26) और श्रेयांश तिवारी (21) के साथ सुखनई नदी के किनारे पिंडदान करने गए थे। पुष्कर जालौन का रहने वाला था। अनूप पूजा करने नदी में उतरे। वह नदी के बीच पहुंचे ही थे कि डूबने लगे। उनको डूबता देखकर अर्पित, पुष्कर, अभिनय और श्रेयांश उन्हें बचाने के लिए नदी में कूदे। कुछ ही देर में सभी गहरे



पानी में डूब गए। पांचों को को डूबता देखकर आसपास मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही रानीपुर चौकी और मऊरानीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गोताखोरों को मौके पर बुलाया और नदी में तलाश शुरू कराई। करीब 30 मिनट तक चले रेस्क्यू में गोताखोरों ने पांचों लोगों को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने सभी को एंबुलेंस से सीएचसी, मऊरानीपुर भेजा। वहां डॉक्टरों ने पांचों को मृत घोषित कर दिया।

### सीओ बोले- पिंडदान के लिए आए थे, बचाने में सभी डूबे

- मऊरानीपुर सीओ रत्नेश कुमार ने बताया- सुखनई नदी में 5 लोगों के डूबने की सूचना मिली थी। अनूप तिवारी अपने परिजन का पिंडदान करने के लिए नदी पर आए थे। पूजा करने के दौरान वह डूबने लगे।
- उन्हें बचाने के लिए साथ आए 4 अन्य लोग भी नदी में उतर गए और सभी डूब गए। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम मनोज कुमार भारती ने बताया कि प्रशासन की ओर से मृतकों के परिवार को आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 24 से 48 घंटे में परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

# स्वामित्व योजना में निःशुल्क रजिस्ट्री की अड़चन दूर करने प्रशासन सख्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रदेश में स्वामित्व योजना के तहत पात्र पट्टाधारियों को निःशुल्क रजिस्ट्री का लाभ दिलाने में आ रही अड़चनों को अब सरकार ने गंभीरता से लिया है। रजिस्ट्री प्रक्रिया में सहयोग नहीं करने या अनावश्यक देरी करने वाले मैदानी कर्मचारियों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने सभी कलेक्टरों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए समय सीमा निर्धारित की है। इसके तहत अब जिलों में प्रत्येक सप्ताह गुरुवार से शनिवार तक रजिस्ट्री का काम कराया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि तय समय में प्रक्रिया शुरू नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

उज्जैन जिले में भी स्वामित्व योजना के तहत पात्र पट्टाधारियों को रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन को प्रक्रिया में तेजी लानी होगी। कलेक्टर को जिले में रजिस्ट्री कार्य को प्राथमिकता के साथ शुरू कराने और उसकी नियमित निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि पात्र हितग्राहियों को दस्तावेज तैयार कराने से लेकर रजिस्ट्री कराने तक किसी तरह की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

राज्य शासन ने संबंधित अधिकारियों को अगले बुधवार तक रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी यदि निर्धारित अवधि में काम शुरू नहीं होता है तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इससे साफ है कि सरकार अब योजना के क्रियान्वयन में होने वाली देरी के लिए जिम्मेदारी तय करने के साथ ही मैदानी स्तर पर निगरानी भी बढ़ा रही है।

स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन के लिए राजस्व विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। प्रमुख सचिव राजस्व की ओर से जारी दिशा-निर्देशों में योजना के समन्वय, क्रियान्वयन और निगरानी की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। रजिस्ट्री प्रक्रिया में समन्वय के लिए वाणिज्यिक कर विभाग को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्थानीय अधिकारी भी इस कार्य में सहयोग करेंगे।

# जम्मू-कश्मीर में लश्कर कमांडर हाशिम मूसा एनकाउंटर में ढेर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बडगाम

जम्मू कश्मीर के बडगाम जिले में मंगलवार देर रात सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया। यह मुठभेड़ खानसाहिब के पालमेदन मुगपथरी जंगल इलाके में हुई। सूत्रों के मुताबिक मारे गए आतंकी की पहचान लश्कर ए तैयबा के टॉप कमांडर हाशिम मूसा के रूप में हुई है। फिलहाल सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है।

कुछ और आतंकी छिपे हो सकते हैं। उन्हें भागने से रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाबलों को भी मौके पर भेजा गया है। जम्मू-कश्मीर के दो जिलों उधमपुर और बडगाम में 1 सितंबर से 30 सितंबर के बीच पांच आतंकी मारे गए हैं। 5 सितंबर को बडगाम में यासिर को मार गिराया गया। 17 सितंबर को उधमपुर में दो पाकिस्तानी आतंकियों सद्दाम और मुस्तफा को ढेर किया गया। एक आतंकी का सड़ा हुआ शव इसी महीने मिला था। इंडियन आर्मी ने इस एनकाउंटर को ऑपरेशन कोराग नाम दिया। सेना ने पर बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने यूसमर्ग के कोराग इलाके में जॉइंट सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सुरक्षाबलों ने संदिग्ध गतिविधि देखी। आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। एक आतंकी मारा गया। ऑपरेशन अभी जारी है। सुरक्षा एजेंसियों की नजर 2022 से जम्मू-कश्मीर में एक्टिव लश्कर-ए-तैयबा के 4 आतंकियों के ग्रुप पर थी।



# सीआईएसएफ जवान ने साथियों पर गोली चलाई, 4 की मौत

### जम्मू के कठुआ में विवाद के बाद फायरिंग, आपसी झगड़ों में 5 साल में 24 मौतें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कठुआ

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स यानी सीआईएसएफ के जवान ने अपने साथियों पर गोली चला दी। इसमें 4 जवानों की मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम 7.30 बजे की है। मरने वालों में असिस्टेंट कमांडेंट अंकित कुमार पांडे, एसआई लक्ष्मण सिंह, कॉन्स्टेबल रफीक अहमद और कॉन्स्टेबल संदीप कुमार शामिल हैं।

ये जवान हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटे बसोहली के पावर प्रोजेक्ट की सुरक्षा में तैनात थे। कठुआ पुलिस ने आरोपी जवान अभिदेश कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में ऐसी घटनाओं होने की वजह व्यक्तिगत व घरेलू समस्याएं, पारिवारिक विवाद, डिप्रेशन, काम से जुड़ी परेशानियां और छोटी-छोटी बातों पर आपा खो देना बताया है। सरकार ने संसद में बताया कि पिछले 15 साल में ऐसी घटनाओं में 24 से ज्यादा जवान मारे गए।

### बच्चे के साथ क्वार्टर गार्ड में आने से रोका तो जवान भड़का

विवाद पत्नी पूजा और उसके बच्चे को क्वार्टर गार्ड में आने को लेकर शुरू हुआ। इसी बात पर कांस्टेबल हेडक्वार्टर ऑफिसर मेस सेक्शन पहुंचा, जहां चार जवान मौजूद थे। उसने सरकारी एके-47 राइफल से अंधाधुंध फायरिंग की। अन्य जवानों ने अभिदेश को काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी 2009 बैच का है। उसके खिलाफ सीआईएसएफ हेडक्वॉर्टर ने मामले की कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। बसोहली के पावर प्रोजेक्ट रावी नदी पर बना है। इसे 1993 में शुरू किया गया था। 2013 की बाढ़ में इसका 300 मीटर लंबा हिस्सा बह गया था। तब से ये पूरी तरह बंद है।

### जवान छोटी-छोटी बातों पर आपा खो देते हैं

केंद्रीय सुरक्षा बलों में तैनात जवानों की आत्महत्या और साथियों की हत्या की घटनाओं के कारण जानने के लिए अक्टूबर 2021 में गृह मंत्रालय की टास्क फोर्स बनाई थी। घटनाओं पर कई बार रिव्यू कराया और 2022 में लोकसभा में भी कुछ कारण बताए थे। इनमें कुछ घटनाओं में छुट्टी न मिलने के कारण मानसिक रूप से परेशानी, कार्यस्थल पर तनाव जैसी वजहें सामने आईं। गृह मंत्रालय के मुताबिक, कुछ मामलों में सामने आया कि जवान एक-दूसरे के साथ किसी मामूली बात या बहस के बाद आपा खो देते हैं। इसके अलावा परिवार से दूर रहने और लंबे समय तक कठिन परिस्थितियों में रहने से जवानों के मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है।

## एटीएस ने अरब सागर से 3000 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी

### तस्कर ईरानी नाव में 526 किग्रा ड्रग्स ला रहे थे, 5 पाकिस्तानी हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात एटीएस ने अरब सागर में एक ईरानी नाव से 526 किलो ड्रग्स जब्त की है। इसमें मेथामफेटामाइन और हेरोइन शामिल हैं, जिसकी कीमत 3,000 करोड़ रुपए से ज्यादा बताई गई है। यह कार्रवाई 25 सितंबर को लक्षद्वीप के पास की गई थी। इसकी जानकारी बुधवार को सामने आई है। नाव में सवार 5 पाकिस्तानी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। खुफिया सूचना मिलने के बाद तटरक्षक बल ने समुद्र और हवा से निगरानी की। संदिग्ध नाव को लक्षद्वीप के पश्चिम में रोककर तलाशी ली गई। नाव, चालक दल और ड्रग्स को सुरक्षा के बीच मुंबई लाया गया है, जहां पूछताछ और आगे की कानूनी कार्रवाई होगी।



### सुप्रीम कोर्ट बोला- कैंसर दवाओं की ऊंची कीमत नरसंहार जैसी

## 2700 रु. की दवा पर कीमत 27 हजार रु. कैसे लिखी, हर साल 5,381 करोड़ का दवा कारोबार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि 2700 की कैंसर की दवा पर एमआरपी 27,000 क्यों है। कोर्ट ने दवाओं की कीमतों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह नरसंहार है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने मंगलवार को दवाओं की कीमत और जेनेरिक दवाओं से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद थे। कोर्ट ने कहा- यह नरसंहार है। यह कैसे हो रहा है? कॉर्पोरेट किसी को नहीं बख्शते, शव भी बाहर नहीं जाने देते। सरकार के फार्मास्यूटिकल्स विभाग की 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024-25 में भारत में कैंसर-रोधी दवाओं की सालाना बिक्री 5,281 करोड़ रही। 2021-22 में यह 3,382 करोड़ थी। यानी तीन साल में बिक्री करीब 56% बढ़ी।

कोर्ट ने कहा- अगर मरीज सरकारी योजना में इलाज करा रहा है तो इतनी बढ़ी हुई कीमत का भुगतान कौन करता है। इसका बोझ सरकारी खजाने और टैक्सपेयर्स पर ही पड़ता है। प्राइवेट हॉस्पिटल इंडस्ट्री की तरह काम कर रहे हैं। वे अपनी फार्मेसी से ही दवा खरीदने को मजबूर करते हैं।




सरकार की ओर से तुषार मेहता ने कहा- फार्मा कंपनियां लाभ कमाने वाली नहीं हैं। ऐसा लगता है कि लाभ कमाने वाले निजी अस्पताल हैं। याचिकाकर्ता का दलील- जिन दवाओं की कीमत सरकार तय करती है, उनका बाजार में हिस्सा कम है। जिनकी कीमत सरकार तय नहीं करती, उनकी करीब 80% से ज्यादा हिस्सेदारी है। याचिकाकर्ताओं ने कहा- इससे दवाओं की कीमत और मरीजों के इलाज का खर्च बढ़ सकता है। कई मरीज इलाज के लिए अपनी संपत्ति या गहने तक बेचने को मजबूर होते हैं। ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर जरूरी दवाओं की कीमत कंट्रोल करता है। 2013 के डीपीसीओ तहत नेशनल लिस्ट ऑफ एसेंशियल मेडिसिन्स में शामिल दवाओं की अधिकतम कीमत सरकार तय करती है।



## भस्मआरती श्रृंगार दर्शन



बुधवार को महाकाल ने धारण किया गणेश स्वरूप, रजत मुकुट और मुंडमाला से किया श्रृंगार

# विषमताओं से जूझते हुए लोक-संस्कृति को बचाने का जुनून





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मालवा की मीठी बोली, लोकनृत्य व लोकगीत के साथ ही लोकपर्व सभी कुछ अद्भुत हैं। इस लोक-संस्कृति की सराहना तो सभी करते हैं किन्तु इसको सहेजने के लिए बहुत कम लोग ही गंभीर हैं। शहर की महिला डॉ पल्लवी किशन अपनी पूरी ताकत व हिम्मत के साथ इस पुनीत कार्य मे लगी हुई हैं और उसी का प्रतिफल है कि संजा लोकोत्सव का बीसवें वर्ष मे पदार्पण हो रहा है।

मालवा क्षेत्र की पुरातन कला है मांडना व संजा। मांडना घर की दीवारों और कच्चे आंगन में खडिया, नेजे ( चूना), चावल के घोल व गेरू से बनाए जाते रहे। शहर के मालीपुरा, उदूर्पुरा, जयसिंहपुरा, भैरवगढ आदि क्षेत्र सुन्दर मांडना कला के केन्द्र रहे। महिलाएं दीपावली के पूर्व घर की लिपाई गोबर से करती फिर सुन्दर मांडने बनाती थीं। इन मांडनों के अंदर डिजाइन की विविधता रहती और प्रकृति का सुन्दर चित्रण भी होता। ज्यामितीय ज्ञान मे उस समय की हमारी महिलाएं पारंगत थीं मांडले कला उसका जीवंत प्रमाण है। आयताकार, वृताकार व विभिन्न आकृतियों को बनाया जाता था। पक्के मकानों के निर्माण से मांडना कला लगभग लुप्त हो रही है।

### गाय के गोबर का सुन्दर संयोजन

पुराने मालवा के घरों मे श्राद्ध पक्ष के दौरान लोकपर्व संजा मनाने की परंपरा रही जिसका पालन आज भी कुंवारी कन्याएं कर रही हैं समय के साथ परिवर्तन ये देखने को मिल रहा है कि अब संजा के पाने बाजार मे उपलब्ध हैं। सुगमता व गोबर की अनुपलब्धता के चलते पाने चलन मे आ तो गए किन्तु इससे बालिकाओं की गोबर से निर्मित कला शीघ्रता से लुप्त होने लगी । पहले संजा की सुन्दर रचना घर की दीवारों पर गोबर से निर्मित की जाती थी। सुन्दरता मे चार चांद लगाने के लिए कन्याएं उस पर रंगबिरंगी पन्नी और प्राकृतिक फूल चिपका देती थीं। प्रदोष तिथि से पूरा किला-कोट बनाया जाता था। आधुनिकता के दौर मे हमारी अनूठी संजा कला लुप्त होने की कगार पर आ गई। इसमे सामूहिक रूप से बालिकाएं संजा गीत गाती और मालवा की शाम को संजा गीत उल्लास से पूर्ण करते प्रतीत होते जब श्राद्ध पक्ष का बोझिल समय चल रहा होता।

### मालवा की समृद्ध संस्कृति से परिचित कराना जरूरी

बदलते परिवेश मे हमारे मालवा की पुरातन समृद्ध संस्कृति से नई पीढी अनभिज्ञ हो रही थी और,ये बात बहुत चुभती थी। इसी को ध्यान मे रखकर संस्था प्रतिकल्पा के माध्यम से संजा लोकोत्सव मनाने का विचार मन मे आया। शुरूआत संघर्ष भरी रही और आज भी संस्था आर्थिक संकट से जूझ रही है किन्तु संघर्ष करने से सफलता की मीठी गंध आने लगी है जो मन को सुकून दे रही है।

डॉ पल्लवी किशन, प्रतिकल्पा संस्था, उज्जैन।

### संजा पर्व मनाने की परंपरा

संजा पर्व मनाने के मूल पर प्रकाश डालते हुए शहर की संस्था प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था के संस्थापक व मानद सचिव कुमार किशन ने बताया कि मालवा क्षेत्र को माता पार्वतीजी का मायका माना जाता है। मालवा की अविवाहित बालिकाएं पार्वतीजी के सम्मान मे गोबर से संजा बनाती हैं और प्रशस्ति मे गीत गाती हैं। बालिकाएं संजा की आरती करती हैं और प्रसाद अर्पित करती हैं साथ ही कामना करती हैं कि जिस प्रकार पार्वती को भोलेनाथ मिले ऐसे ही प्यार करनेवाला पति मिले और जीवन मे प्रेम बना रहे।

### लोककला के संरक्षण को बनाया मिशन

मालवा की खूबसूरत संस्कृति को सहेजना बहुत आवश्यक है अन्यथा ये लुप्त हो सकती है। इसी को ध्यान मे रखते हुए शहर की नृत्यांगना पल्लवी किशन ने गंभीरता से मनन किया और बीस वर्ष पूर्व प्रतिकल्पा संस्था के माध्यम से संजा लोकपर्व मनाना शुरू किया। शुरूआत मे बहुत मुश्किलें आईं किन्तु पल्लवी ने अथक परिश्रम से इस कार्य को निर्बाध रूप से आयोजित किया। इस वर्ष संजा लोकोत्सव के अंतर्गत विद्यालय मे मांडना व संजा प्रतियोगिता आयोजित की। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर मे मंगलवार को आयोजित इस प्रतियोगिता मे विद्यार्थियों ने अच्छा प्रतिसाद दिया व 180छात्र छात्राओं ने बढचढकर भाग लिया और इस आयोजन में सुन्दर मांडना व संजा की रचनाएं देखने को मिले। प्रतिकल्पा संस्था ने प्रतियोगियों को गोबर, पन्नी व फूल उपलब्ध कराए।

## अपनेतक

### संझा : पितरों की स्मृति और लोकसंस्कृति की

श्राद्धपक्ष आते ही शहर के कई हिस्सों में एक ऐसी लोकपरंपरा जीवंत हो उठती है, जिसका संबंध केवल पूजा-पाठ से नहीं, बल्कि परिवार, पितरों की स्मृति और हमारी लोकसंस्कृति से भी है। संझा इसी परंपरा का एक सुंदर रूप है। हर वर्ष श्राद्धपक्ष में महिलाएं दीवार पर संझा की आकृतियां बनाकर उसे सजाती हैं और लोकगीतों व पारंपरिक विधियों के माध्यम से अपनी संस्कृति से जुड़ाव व्यक्त करती हैं।

खास बात यह है कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं में सांझा को लेकर उत्साह और अपनापन अधिक दिखाई देता है, जबकि शहरों की नई पीढ़ी और विशेषकर शहरी महिलाओं का इस परंपरा से जुड़ाव अपेक्षाकृत कम होता जा रहा है। बदलती जीवनशैली, छोटे होते परिवार, अपार्टमेंट संस्कृति और लोकपरंपराओं के लिए घटता समय इसके प्रमुख कारण माने जा सकते हैं। दरअसल संझा केवल दीवार पर बनाई जाने वाली आकृति नहीं है। यह मां-बेटी, दादी-पोती और एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचने वाली सांस्कृतिक विरासत है। ग्रामीण अंचलों में आज भी बच्चियां और महिलाएं बुजुर्गों से सांझा बनाने की विधि सीखती हैं। इसके साथ जुड़े गीत और लोककथाएं भी मौखिक रूप से आगे बढ़ती हैं। इस तरह संझा हमारी उस संस्कृति को जीवित रखता है, जिसे किताबों में पढ़ने से ज्यादा जरूरी है कि उसे व्यवहार में जिया जाए। शहरों में संझा के प्रति दूरी को केवल महिलाओं की उदासीनता के रूप में देखना भी उचित नहीं होगा। इसके लिए परिवार और समाज को भी प्रयास करना होगा। स्कूलों, सामाजिक संस्थाओं और सांस्कृतिक संगठनों द्वारा सांझा निर्माण, लोकगीत और पारंपरिक कला की कार्यशालाएं आयोजित की जाएं तो शहरी बच्चों और महिलाओं को इससे जोड़ा जा सकता है।

आज जब आधुनिकता के बीच कई लोकपरंपराएं धीरे-धीरे सिमट रही हैं, तब सांझा हमें यह याद दिलाता है कि संस्कृति केवल बड़े उत्सवों और आयोजनों में नहीं, बल्कि घर की दीवार पर बनी छोटी-सी लोककला में भी सांस लेती है। ग्रामीण महिलाओं ने इस परंपरा की लौ अब तक जलाए रखी है। जरूरत है कि शहर की महिलाएं और नई पीढ़ी भी इससे जुड़ें, ताकि सांझा केवल श्राद्धपक्ष की एक रस्म बनकर न रह जाए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी सांस्कृतिक पहचान का जीवंत प्रतीक बना रहे।

# शहर शांत, सभी कुछ नियंत्रण मे : एसपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की फिजा मे अशांति घोलने का प्रयास कतिपय विघ्न संतोषी करने का कुत्सित प्रयास करते हैं किन्तु उनके मंसूबे कभी भी पूरे न होने देने के लिए प्रशासन कटिबध्द है। मस्जिद चौड़ीकरण के दौरान हुई पत्थरबाजी के बाद पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा की सूझबूझ से बदमाशों का षडयंत्र विफल हो गया और शहर मे शांति बनी हुई है। इस संबंध में दैनिक ब्रह्मास्त्र ने आज सुबह जब एसपी प्रदीप शर्मा से चर्चा की तो उन्होने बताया कि शहर की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण मे है और पुलिस अपना काम मुस्तैदी से कर रही है। अपराधिक तत्वों को छोडा नहीं जाएगा ।



### शाही मस्जिद के आसपास क्षेत्र में अघोषित कर्फ्यू, उज्जैन में 2 दिन से 250 दुकानें बंद

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 कुंभ के चलते सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रही शाही मस्जिद को हटाने के दौरान हुए उपद्रव के बाद अब मीनार हटाने की तैयारी शुरू हो गई है। मंगलवार को मीनार पर मचान बांधने का काम शुरू किया गया। जल्द ही मीनार सहित मस्जिद का संबंधित हिस्सा हटा दिया जाएगा। मस्जिद का हिस्सा तोड़ने को लेकर हुए विवाद के 48 घंटे बाद भी क्षेत्र की 250 से अधिक दुकानें और घर बंद हैं। छत्री चौक और आसपास के इलाके में कर्फ्यू जैसे हालात हैं। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में बैरिकेडिंग कर रखी है। प्रशासन ने छत्री चौक, लखेरवाड़ी, सराफा, कालिदास स्कूल के पास का क्षेत्र, गोपाल मंदिर, ढाबा रोड, खड़े हनुमान और सती गेट से कंठाल तक का क्षेत्र बंद करवा रखा है। करीब दो दिन से व्यापार प्रभावित होने के कारण व्यापारियों ने करीब 10 करोड़ रुपए के नुकसान की बात कही है। उन्हें यह नहीं

नैक मूल्यांकन समय की मांग

# विकसित राष्ट्र के लिए परिणाम आधारित शिक्षा पर देना होगा ध्यान

**पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव महाविद्यालय में नैक चेयरमैन डॉ. नागेश्वर राव का विशिष्ट व्याख्यान, सेमिनार के ब्रोशर का विमोचन**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में आईक्यूएसी के तत्वावधान में नैक के चेयरमैन प्रो. नागेश्वर राव का विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रो. राव ने जोर देकर कहा कि अब तक देश के अधिकांश विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों ने अपना नैक मूल्यांकन नहीं करवाया है जबकि यह आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्पना को साकार करने के लिए इसी दिशा में आगे बढ़ना होगा। प्रो. राव ने नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें परिणाम आधारित गतिविधियों पर बल दिया गया है इसलिए संस्थानों को भी इन पर विशेष ध्यान देना पड़ेगा। इसके साथ ही भारतीय भाषाओं के पठन-पाठन और भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने शिक्षकों से दूरस्थ शिक्षा से जुड़ने का भी आह्वान किया। विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वयं पोर्टल पर बहुत से कोर्स उपलब्ध हैं। इनमें पंजीयन कराकर विद्यार्थी अपना क्रेडिट स्कोर बढ़ा सकते हैं।

इस पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने बताया कि कॉलेज के 3000 से अधिक विद्यार्थियों ने स्वयं पोर्टल पर पंजीयन करवा लिया है और वे इन पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे हैं। इस दौरान डॉ. नागेश्वर राव, प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह और भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले ने भूगोल विभाग द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सेमिनार के ब्रोशर का विमोचन भी किया।

# युवाओं में बढ़ रहा हृदय रोग, साइकिलिंग और तैराकी जरूरी

**माधव साइंस कॉलेज में विश्व हृदय दिवस पर सेमिनार व स्वास्थ्य शिविर आयोजित, चित्रकला व स्वच्छता अभियान भी हुए**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खराब खान-पान और बिगड़ी दिनचर्या के कारण अब कम उम्र के बच्चों और युवाओं में भी हृदय रोग बढ़ रहा है। आजीवन धड़कने वाले हृदय को स्वस्थ रखने के लिए नियमित साइकिलिंग और तैराकी (स्विमिंग) बेहतरीन व्यायाम हैं। यह बात अपोलो हॉस्पिटल (इंदौर) के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अभिषेक नागर और माधव विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने विश्व हृदय दिवस के अवसर पर आयोजित सेमिनार में कही।

माधव साइंस कॉलेज, अपोलो हॉस्पिटल विजय नगर (इंदौर) और लायंस इंटरनेशनल गोल्ड क्लब उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के तहत यह सेमिनार और निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में लायंस क्लब




के वीडीजी संजय सक्सेना उपस्थित थे। लायंस क्लब इंटरनेशनल गोल्ड क्लब उज्जैन के डॉ. प्रिंस कुशवाह ने हार्ट अटैक के पूर्व लक्षणों की जानकारी देते हुए प्राथमिक उपचार के रूप में डिस्प्रिन लेने, सुबह घूमने और अच्छी नींद लेने की सलाह दी।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लगभग 102 विद्यार्थियों और 40 प्राध्यापकों ने भागीदारी की। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा बीपी, शुगर, बीएमडी और ईसीजी की निशुल्क जांच की गई।

सेवा संकल्प अभियान के तहत 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें राज भोगे ने प्रथम, मीनाक्षी डाबी ने द्वितीय, लक्ष्य परमार व आकृति भारिया ने तृतीय और बबूल सोलंकी ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स और इको क्लब के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की और नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वच्छता का संदेश दिया। छात्र राज भोगे ने सकारात्मक बदलाव लाने वाली कहानी का वीडियो भी प्रस्तुत किया।

अतिथियों का स्वागत डॉ. शशि जोशी, डॉ. अजय सक्सेना और डॉ. पुष्पा जाटवा ने किया। संचालन डॉ. शुचिता चांदोरकर ने किया और आभार प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल पांडे ने माना। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष गौतम साहा, सचिव शिशिर पण्ड्या, पूर्व अध्यक्ष शैलेश जोशी, डॉ. तपेश माथुर और डॉ. सुहासिनी उपस्थित थीं।

### उज्जैन को पत्थरबाजों की कश्मीर घाटी नहीं बनने देंगे, पुलिस पर हमला बर्दाश्त नहीं

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी में सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई के दौरान पुलिस पर पथराव और महाकालेश्वर मंदिर को ध्वस्त करने की सोशल मीडिया टिप्पणी को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने कड़ा विरोध जताया है। विहिप के प्रांत सह मंत्री महेश अंजना ने चेतावनी दी है कि उज्जैन को पत्थरबाजों की कश्मीर घाटी नहीं बनने दिया जाएगा। प्रशासन उपद्रवियों और मंदिर पर टिप्पणी करने वाले देशद्रोही पर रासुका लगाकर सख्त कार्रवाई करे। विहिप नेता महेश अंजना ने कहा कि हिंदू समाज ने विकास कार्यों के लिए हमेशा धैर्य और सहयोग का परिचय दिया है। चौड़ीकरण अभियान में कई देवस्थलों को हटाया गया, लेकिन कभी बाधा उत्पन्न नहीं की गई। बोहरा समाज ने भी शांतिपूर्ण तरीके से अपने धर्मस्थल को हटाकर सहयोग किया। इसके विपरीत न्यायालय के आदेश और प्रशासन की कार्रवाई के तहत मस्जिद का हिस्सा हटाए जाने पर कानून व्यवस्था में जुटे सुरक्षा बलों पर हमला करना गंभीर चिंता का विषय है।

### अग्रसेन जयंती पर 2 अक्टूबर को लगेगा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

**उज्जैन।** अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल की ओर से 2 अक्टूबर, शुक्रवार को गोला मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। मंडल अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल ने बताया कि त्रिमूर्ति आई केयर एंड ऑप्टिकल्स के सहयोग से होने वाले इस शिविर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण के साथ मोतियाबिंद ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण की जांच होगी। इसके अलावा डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के मरीजों की मुफ्त रेटिना जांच भी की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को ऑपरेशन के लिए उचित मार्गदर्शन दिया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि शुगर और ब्लड प्रेशर के मरीज जांच के लिए आते समय अपनी पुरानी मेडिकल रिपोर्ट और वर्तमान में चल रही दवाइयों की जानकारी साथ लेकर आएं।

### वाराणसी से वडनगर तक सेवा संकल्प यात्रा का उज्जैन में आगमन


**उज्जैन।** वाराणसी से वडनगर तक आयोजित सेवा संकल्प यात्रा बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन में प्रवेश करेगी। यात्रा का उद्देश्य सेवा, समर्पण और जनकल्याण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। इस यात्रा के अंतर्गत उज्जैन में विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। यात्रा के निर्धारित क्रम के अनुसार यात्रा क्रमांक 5 चिंतामण मंदिर पहुंचेगी, जहां कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इसी क्रम में यात्रा क्रमांक 9 कोठी महल पहुंचेगी।

# श्राद्धपक्ष विशेष- पुनर्जन्म चक्र से मुक्ति का स्थान : ब्रह्मकपाल शिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन (पं राहुल शुक्ल)

उज्जैन। सनातन धर्म मे सोलह श्राद्ध का विशेष महत्व है और सभी श्रद्धालु अपने पितृगणों की शांति हेतु तरह तरह की धार्मिक रीतियों का पालन करते हैं किन्तु श्राद्धकर्म के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है ब्रह्मकपाल शिला जो पावन अलकनंदा नदी के तट पर स्थित है और बद्रीनाथ धाम से महज 100 मीटर की दूरी पर है।

स्कंदपुराण के बद्रीनाथ महात्म्य खंड मे वर्णन है कि प्रजापिता ब्रह्मा ने जब अपनी पुत्री सरस्वती का आकर्षक रूप देखा तो उनके मन मे दूषित विचार आ गए और वे उस पर मोहित हो गए। भगवान शिव इस पर कुपित हुए और उन्होने अपने त्रिशूल से ब्रह्माजी का पांचवा शीश काट दिया किन्तु एक अनहोनी घटना हुई। शिव के त्रिशूल से पांचवा शीश चिपक गया और वह नीचे नहीं गिरा। शिवजी पर ब्रह्म हत्या का पाप लगा और उससे मुक्ति हेतु वे सभी तीर्थों पर गए किन्तु किसी भी स्थान पर उन्हें दोष से मुक्ति नहीं मिली। अंत मे जब शिवजी उत्तराखंड मे बद्रीनाथ के पास अलकनंदा नदी के तट पर पहुंचे तो एकाएक त्रिशूल मे चिपका ब्रह्माजी का शीश नीचे गिर गया और शिवजी को ब्रह- हत्या के पाप से मुक्ति मिल गई।






### ब्रह्मकपाल शिला का महत्व

प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम से सिर्फ सौ मीटर की दूरी पर है ब्रह्मकपाल शिला जो अलकनंदा नदी पर स्थित विशाल चट्टान है। इस शिला पर बैठकर ही धार्मिक विधि विधान से तर्पण व पिण्डदान किया जाता है। लोकमान्यता है कि यहां श्राद्धकर्म करने से पितरों को भवसागर से मुक्ति मिलती है और वे सद्गति प्राप्त करते हैं।

### अकाल मृत्यु होने पर भी मोक्ष

धार्मिक मान्यता है कि व्यक्ति की अकाल मृत्यु होने पर उसकी आत्मा भटकती है और मोक्ष नहीं मिलता किन्तु धर्मग्रंथों मे वर्णन है कि ब्रह्मकपाल शीला पर श्राद्धकर्म करने से आत्मा को मोक्ष मिलना निश्चित है। यहां पिण्डदान करने से प्रेतयोनि से भी मुक्ति हो जाती है।

### अंतिम श्राद्ध स्थल - ब्रह्मकपाल

मान्यता है कि ब्रह्मकपाल मे तर्पण व पिण्डदान से आत्मा की मुक्ति निश्चित है अतः इसके बाद कहीं भी श्राद्धकर्म करने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार ये इतना महत्वपूर्ण स्थल है जहां मृतात्मा का अंतिम श्राद्ध कर्म होता है।

### तापमान बहुत कम

अश्विन मास मे ही श्राद्धपक्ष आते हैं और ब्रह्मकपाल क्षेत्र मे तापमान मे गिरावट आने लगती है। यहां सामान्यतः तापमान 2 से 5 डिग्री सेल्सियस रहता है। कई बार तापमान। शून्य डिग्री या माइनस मे भी चला जाता है अतः यहां गर्म व ऊनी कपडे लेकर जाना उचित होता है

उज्जैन
बुधवार
30
सितम्बर, 2026

दैनिक
# ब्रह्मास्त्र

विद्या रूपं कुरूपाणां क्षमा रूपं तपस्विनाम्।
कोकिलानां स्वरो रूपं स्त्रीणां रूपं पतिव्रतम्।।

**अर्थः** कुरूप का रूप है, तपस्वी का विधायक, कोकिला का रूप, विद्रोह का विधायक।

## खबर एक नजर...

### सुधासागरजी को कोर्ट पेशी के आदेश, 12 नवंबर को सुनवाई

**इंदौर।** सुधासागर महाराज को वकीलों पर टिप्पणी किए जाने के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने कोर्ट में हाजिर रहने के निर्देश दिए हैं। पिछले दिनों इंदौर में प्रवचन के दौरान उन्होंने वकीलों की कार्यप्रणाली पर टिप्पणी की थी। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नीरज अग्रवाल की कोर्ट के समक्ष अधिवक्ता शैलेंद्र द्विवेदी ने परिवाद दायर किया था। मंगलवार को परिवादी के बयान कोर्ट ने दर्ज किए। इसके बाद कोर्ट ने एमजी रोड पुलिस को समन जारी किया। आगामी 12 नवंबर को सुधासागरजी महाराज को पेश किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुनि सुधासागर महाराज ने प्रवचन के दौरान एक वकील के सवाल का जवाब देते हुए कहा था कि वकीलों को किसी भी कमेटी या समिति में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि वकील किसी समस्या का हल नहीं होने देते और सहमति प्रक्रिया को लेकर फिजूल बहस में उलझाए रखते हैं। आरोप है कि उन्होंने वकीलों की मानसिकता को ह्यविध्वंसकह्न बताते हुए कहा- उनका काम समाज में समाधान निकालने के बजाय पक्षों के बीच विवाद बनाए रखना और समाज को बांटना है।

### छात्रा ने एआई से बनाई पास की मार्कशीट, पकड़ाई तो कर दी सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत

**इंदौर।** देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी (डीएवीवी) से संबद्ध धार के एक सरकारी कॉलेज में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां की एक छात्रा ने बीए में सप्लीमेंट्री आने पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अपनी मार्कशीट को पास की मार्कशीट में बदल दिया। इसी आधार पर उसने कॉलेज से सेकंड ईयर की परीक्षा भी दे दी। जब यूनिवर्सिटी ने फजीर्वाड़ा पकड़कर रिजल्ट रोका तो छात्रा ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करा दी। धार गवर्नमेंट कॉलेज की इस छात्रा को बीए प्रथम वर्ष में सप्लीमेंट्री आई थी। उसने सप्लीमेंट्री की परीक्षा देने के बजाय शॉर्टकट अपनाने अपनाते हुए एआई टूल्स और एडिटिंग सॉफ्टवेयर का सहारा लिया। उसने इंटरनेट से मार्कशीट निकाली और एआई की मदद से सप्लीमेंट्री वाले हिस्से को हटाकर वहां पास के नंबर चढ़ा दिए। यह फर्जी मार्कशीट दिखने में असली जैसी लग रही थी। कॉलेज ने भी बिना जांचे फॉरवर्ड कर दिया फॉर्म फर्जी मार्कशीट तैयार करने के बाद छात्रा ने उसे कॉलेज में जमा कर बीए सेकंड ईयर के परीक्षा फॉर्म के लिए आवेदन कर दिया। फॉर्म वेरिफिकेशन करने वाले स्टाफ ने छात्रा के मूल रिकॉर्ड (टीआर शीट) से मार्कशीट का क्रॉस वेरिफिकेशन नहीं किया और फॉर्म को अप्रूव कर यूनिवर्सिटी भेज दिया। इसी आधार पर छात्रा ने सेकंड ईयर की परीक्षा भी दे दी। जांच में मार्कशीट की जालसाजी की पोल खुल गई। कॉलेज को नोटिस, छात्रा ने वापस ली शिकायत सीएम हेल्पलाइन में शिकायत पहुंचने के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कॉलेज को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया।

### बदमाश ने पुलिसकर्मी को मारा चाकू, जवान ने बदमाश को दबोचा, थाने ले गया

**इंदौर।** सदर बाजार इलाके में मंगलवार शाम एक बदमाश ने पुलिसकर्मी पर चाकू से करीब 8 वार कर दिए। घायल पुलिसकर्मी पवन मल्हारगंज थाने में पदस्थ हैं और टीआई की गाड़ी चलाते हैं। हमले में पवन की गर्दन, हाथ-पैर और जांघ पर चोटें आई हैं। उन्हें सेल्बी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना में आरोपी शुभम जाट भी घायल हुआ है। सदर बाजार पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार शाम करीब 5:30 बजे भोई मोहल्ले की है। बाणगंगा निवासी शुभम जाट चाकू लेकर कुछ लोगों पर हमला करने के लिए दौड़ रहा था। सूचना मिलने पर पवन उसे रोकने के लिए पहुंचे। इसी दौरान शुभम ने पहले खुद पर चाकू से वार किए और इसके बाद पवन पर हमला कर दिया। आरोपी ने पवन पर करीब 8 बार चाकू चलाया। हमले में घायल होने के बावजूद पवन ने हिम्मत दिखाई और आरोपी को पकड़ने की कोशिश की। घटना के बाद दोनों घायल हुए और लोगों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

### थाने से आरोपी छोड़ने के मामले में हीरानगर टीआई निलंबित

**इंदौर।** हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल को सोमवार रात डीसीपी जोन-3 अभिषेक रंजन ने निलंबित कर दिया। करीब आठ महीने पहले मारपीट के एक आरोपी को थाने से छोड़ने के मामले में पीड़ित ने वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की थी। जांच में टीआई के साथ दो पुलिसकर्मियों को भी शामिल किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक, थाने के स्टाफ पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होने और कुछ अन्य मामलों में सामने आई लापरवाही के आधार पर टीआई के खिलाफ कार्रवाई की गई है। करीब आठ महीने पहले मिश्रा नाम के व्यक्ति के साथ अमनलाल ने मारपीट की थी। मामले की जांच एएसआई सुरेश भतकारे कर रहे थे। आरोपी के खिलाफ सामान्य मारपीट का केस दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक, सात साल से कम सजा वाले अपराध में न्यायालय के निर्देशों के अनुसार आरोपी को थाने से छोड़ा गया था।

---

### इंदौर में कांग्रेस आज उतरेगी सड़क पर, हरसिद्धि से कलेक्ट्रोरेट तक निकालेंगे जुलूस

# मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस बुधवार को इंदौर में प्रदर्शन करेगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के मुताबिक कांग्रेस कार्यकर्ता हरसिद्धि चौराहे पर जमा होंगे। यहां से जुलूस के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग की जाएगी।



कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव आयोग में निर्णय लेने की प्रक्रिया के केंद्रीकरण और एसआईआर के दौरान मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और विभिन्न राज्यों में मतदाता सूची को लेकर सवाल उठाती रही है। उनका आरोप है कि एसआईआर के नाम पर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। कांग्रेस इसी मुद्दे को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ आवाज उठाएंगे और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर मुख्य चुनाव आयुक्त से इस्तीफा लेने अथवा उन्हें पद से हटाने की मांग करेंगे।

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों चुनाव आयोग के ही दो चुनाव आयुक्त के द्वारा यह खुलासा किया गया कि मुख्य चुनाव आयुक्त के द्वारा मनमानी से निर्णय लिए जा रहे हैं। अधिकारों का विकेंद्रीकरण करने के स्थान पर चुनाव आयोग में केंद्रीकरण कर दिया गया है।

#### शुरू से लगा रहे आरोप

चौकसे ने कहा कांग्रेस शुरू से ही चुनाव आयोग के माध्यम से विभिन्न राज्यों के चुनाव में वोट चोरी किए जाने का आरोप लगाती रही है। चुनाव आयुक्तों के द्वारा दी गई जानकारी से यह आरोप हकीकत में बदलते हुए नजर आ रहे हैं। एस आई आर के नाम पर चुनाव वाले राज्यों से करोड़ों मतदाताओं के नाम हटाना एक षड्यंत्र के रूप में सामने आ रहा है।

---

### इंदौर में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

# रोमियो लेन का किचन बंद, बिना लाइसेंस बन रहे मोमोज पर भी रोक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने दो प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की है। हाई स्ट्रीट अपोलो, एबी रोड, निपानिया स्थित ट्रिनिटी हॉस्पिटैलिटी (रोमियो लेन) के किचन में खाद्य सुरक्षा संबंधी कई अनियमितताएं मिलने पर खाद्य पदार्थों के निर्माण का काम तत्काल रुकवा दिया गया। वहीं खातीवाला टैंक की बैराठी कॉलोनी में बिना लाइसेंस मोमोज का निर्माण और सप्लाई किए जाने का मामला सामने आने पर निर्माण बंद कराया गया।

टीम ने ट्रिनिटी हॉस्पिटैलिटी का निरीक्षण किया। मौके पर होटल के जनरल मैनेजर अमोघ शरण मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान किचन के फ्रीजर में शाकाहारी और मांसाहारी खाद्य पदार्थ एक साथ रखे मिले। खाद्य पदार्थों की टैगिंग भी उचित तरीके से नहीं की गई थी। जांच के दौरान खसखस और मशरूम पुराने एवं कीटग्रस्त पाए गए। इन्हें मौके पर ही नष्ट कराया गया। परिसर में पानी की जांच रिपोर्ट और खाद्य कर्मियों के मेडिकल फिटनेस



प्रमाण-पत्र भी उपलब्ध नहीं मिले। खाद्य पदार्थों के भंडारण में एफआईएफओ और एफईएफओ व्यवस्था का पालन भी नहीं पाया गया। टीम ने मौके से पनीर, दही, मूंगफली दाना, खड़ा धनिया और ग्लास वमीर्सेली के 5 सैंपल लिए। इन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। निरीक्षण में परिसर का खाद्य लाइसेंस भी अवधि समाप्त पाया गया। इसके बाद किचन परिसर में खाद्य पदार्थों के निर्माण संबंधी कार्य को तत्काल अवरुद्ध कराया गया।

#### शिकायत के बाद मोमोज सेंटर पर पहुंची टीम

इसी क्रम में शिकायत के आधार पर खातीवाला टैंक स्थित बैराठी कॉलोनी के गोस्वामी मोमोज का निरीक्षण किया गया। यहां मौके पर मोमोज बनाकर दुकान से बेचने के साथ-साथ अन्य मोमोज विक्रेताओं को भी सप्लाई किए जाने की जानकारी सामने आई।
निरीक्षण के दौरान विक्रेता पंकज गिरी के पास खाद्य पदार्थों के निर्माण के लिए लाइसेंस नहीं मिला। निर्माण कक्ष के बाहर और बैक लाइन क्षेत्र में अत्यधिक गंदगी भी पाई गई। आवश्यक दस्तावेज भी मौके पर प्रस्तुत नहीं किए गए।टीम ने यहां से पनीर मोमोज और चीज मोमोज के सैंपल लिए।

---

# 3 लाख की क्रिप्टोकरेंसी देने का झांसा...व्यापारी से ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के अन्नपूर्णा इलाके में क्रिप्टोकरेंसी देने के नाम पर व्यापारी से 3 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले व्यापारी को 10 लाख रुपए की क्रिप्टोकरेंसी ट्रांसफर कर भरोसा जीता था। इसके बाद 3 लाख रुपए की क्रिप्टोकरेंसी देने का झांसा देकर नकद रुपए ले लिए और बिना क्रिप्टोकरेंसी दिए फरार हो गए। व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने प्रदीप बुक्कड़ और विक्की शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**तीन महीने से एक-दूसरे को जानते थे-** पुलिस के अनुसार व्यापारी सुनील चौधरी ने शिकायत में बताया कि वह प्रदीप को करीब तीन महीने से जानता है। दोनों की पहचान वॉट्सऐप के जरिए हुई थी। सितंबर 2025 में सुनील ने प्रदीप और विक्की से 10 लाख रुपए की यूएसडीटी ली थी। क्रिप्टोकरेंसी मिलने के बाद दोनों पर उसका भरोसा हो गया। 25 सितंबर को दोनों से वॉट्सऐप कॉल पर बातचीत हुई। उन्होंने सुनील से कहा कि वे उसे 3 लाख रुपए की क्रिप्टोकरेंसी दे देंगे। इसके लिए उसे दशहरा मैदान बुलाया गया। सुनील अपने दोस्त अभिषेक के साथ वहां पहुंचा, जहां विक्की मिला। सुनील के मुताबिक विक्की ने 3 लाख रुपए मांगे, जो उसने नकद दे दिए। इसके बाद विक्की उसे एक्सिस बैंक की ओर ले गया। वहां मशीन में पहले 51 हजार रुपए जमा किए गए। सुनील कार में बैठकर इंतजार करता रहा। इसके बाद विक्की उसे कलानी नगर ले गया। वहां तीन अलग-अलग मशीनों में रुपए जमा करवाए। इसके बाद एक अन्य मशीन पर भी ले गया। रुपए लेने के बाद विक्की ने कहा कि कुछ देर में उसके अकाउंट में 2 लाख 91 हजार रुपए की क्रिप्टोकरेंसी आ जाएगी। सुनील काफी देर तक क्रिप्टोकरेंसी का इंतजार करता रहा, लेकिन विक्की लगातार उसे टालता रहा। बाद में वह बहाना बनाकर वहां से चला गया। इसके बाद सुनील ने प्रदीप और विक्की से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन दोनों ने फोन उठाना बंद कर दिया।

---

# एमवाय में चूहे, बिल्ली के बाद अब सांप निकला, मचा हड़कंप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

पेस्ट कंट्रोल भी सवालों के घेरे में एमवाय अस्पताल की ओपीडी में मंगलवार सुबह खिड़की के पास सांप दिखने से हड़कंप मच गया। सुबह करीब 8 बजे जब डॉक्टर और कर्मचारियों की आवाजाही शुरू ही हो रही थी, तभी स्टाफ की नजर खिड़की पर बैठे सांप पर पड़ी।

सूचना मिलते ही सुरक्षाकर्मी पहुंचे। उन्होंने पहले सांप को खिड़की से ही बाहर करने का प्रयास किया, लेकिन वह दरवाजे और फर्श के आसपास काफी देर तक घूमता रहा। इसके बाद महिला गार्ड और अन्य सुरक्षाकर्मियों ने डंडे से उसे ओपीडी से बाहर घनी झाड़ियों की ओर भगाया। गनीमत रही कि उस समय ओपीडी में मरीजों की भीड़ शुरू नहीं हुई थी। घटना का वीडियो भी सामने आया है। एमवायएच के नवजात गहन चिकित्सा क्षेत्र में दो नवजातों को चूहों द्वारा कुतरे जाने की घटना सामने आई थी। एक नवजात की मौत के बाद अस्पताल प्रशासन ने मौत का कारण नवजात में गंभीर बीमारी बताया था, जबकि परिजन का कहना था कि चूहों के कुतरने से मौत हुई। तब पेस्ट कंट्रोल एजेंसी पर 1 लाख रुपए जुर्माना लगाया था। ओटी कॉम्प्लेक्स से लेकर एआरटी सेंटर तक बिल्लियों का डेरा घटना के कुछ ही दिन बाद अस्पताल के भीतर चूहे और बिल्ली के वीडियो सामने आए थे। एक वीडियो में चूहा मरीज के बिस्तर पर चढ़ने की कोशिश करता दिखाई दिया था, वहीं दूसरे वीडियो में बिल्ली अस्पताल के गलियारे में घूमती दिखी थी। फरवरी 2026 में अस्पताल परिसर में बिल्लियों की मौजूदगी का मामला फिर सामने आया था।

---

### रजिस्ट्रार बोले- इन छात्रों को इंदौर में 2 हजार में कमरा कौन देगा

# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के हॉस्टल में लटक रहे मरे चमगादड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के दो हॉस्टल में रहने वाले 346 छात्रों से सालाना करीब 85 लाख रुपए की फीस लेने के बावजूद हाल बदतर है। दीवारों पर मरे हुए चमगादड़ लटके हैं, बाथरूम के गेट टूटे हैं, मेस तीन महीने से बंद हैं। वायरिंग खुली पड़ी है।

हद यह कि जब रजिस्टार के सामने ये समस्याएं रखीं गईं तो वे बोले-इन्हें दो हजार में कमरा भी कौन देगा? हमें सात करोड़ रुपए सालाना सरकार से मिलते हैं, ये तो एक महीने का खर्चा है। जगदीश चंद्र बसु और रवींद्रनाथ टैगोर हॉस्टल के छात्र बाहर खाना खाने को मजबूर हैं। हर महीने 10 से 12 छात्र बीमार पड़ रहे हैं। इस साल फीस में तीन हजार की बढ़ोतरी की है, फिर भी सुविधाएं शून्य हैं।

टूटे दरवाजों पर पेपर का सहारा, नियमित सफाई भी नहीं होती रवींद्रनाथ



टैगोर बॉयज हॉस्टल डीएवीवी का सबसे बड़ा हॉस्टल है, जिसकी क्षमता 262 छात्रों की है। यहां बाथरूम के टूटे दरवाजों को पेपर लगाकर ढंका गया है। छात्रों का कहना है कि नियमित सफाई नहीं होती। बदबू के कारण मुश्किल होती है। वार्डन से कहने पर आज-कल में ठीक कर देंगे कहकर मामला टाल दिया जाता है। छात्रों का कहना है कि परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि बाहर कमरा लेकर रह सकें, इसलिए मजबूरी में इन्हीं हालात में रहना पड़ रहा है। तीन महीने से हर बार 10 दिन में मेस चालू होने का आश्वासन दे रहे।

#### डीएवीवी के रजिस्ट्रार प्रज्जवल खरे से सीधी बात

सरकार सात करोड़ देती है-वह एक माह का खर्च फीस बढ़ाई फिर भी सुविधा नहीं - आज की डेट में दो हजार में बिजली, पानी के साथ रूम कौन देगा? यूनिवर्सिटी तो सरकारी है? - हमें कोई फंड थोड़ी मिलता है- न राज्य से न केंद्र से। सात करोड़ सालाना मिलते हैं वह एक माह का खर्च है। लाइट, पंखा, वाई-फाई, गार्ड सब तो है। तीन माह से मेस तक बंद है? - टेंडर प्रक्रिया चल रही है। 100 प्रस्ताव आए हैं। उनमें से चुन रहे हैं।

---

### महापौर पुष्यमित्र भार्गव अमेरिका दौरे पर, कांग्रेस पार्षद कुणाल सोलंकी ने किया खास आग्रह

# जो सीखा, उसकी शुरूआत मेरे वार्ड पालदा से करिए, एयरपोर्ट पर लेने भी आऊंगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव इन दिनों अमेरिका दौरे पर हैं, लेकिन उनके लौटने से पहले ही कांग्रेस पार्षद कुणाल सोलंकी ने उनसे खास आग्रह किया है। सोलंकी ने कहा कि विदेश में जल प्रबंधन, सड़क, स्वच्छता और तकनीक के जो मॉडल महापौर देख रहे हैं, उनका फायदा इंदौर लौटने के बाद सबसे पहले पालदा के रहवासियों को मिलना चाहिए। उन्होंने महापौर से आग्रह किया कि अमेरिका से लौटकर उनका पहला दौरा पालदा वार्ड का हो और यहीं से नए प्रयोगों की शुरूआत की जाए।

सोलंकी ने कहा कि वे खुद महापौर को एयरपोर्ट पर लेने आएंगे। उन्होंने कहा कि विदेश यात्रा के दौरान महापौर ने जिन व्यवस्थाओं और नवाचारों को देखा है, उनसे इंदौर के लिए नए आइडिया सामने आ सकते हैं। इसलिए लौटने के बाद सबसे पहले वार्ड का दौरा कर वहां की जरूरतों के मुताबिक इन प्रयोगों को लागू किया जाए।



**महापौर ने पोस्ट में लिखा- पहले पानी, फिर सड़क और सफाई-** पार्षद ने कहा कि पालदा में सबसे पहले जल व्यवस्था को बेहतर करने की जरूरत है। इसके बाद सड़क और स्वच्छता व्यवस्था पर फोकस किया जाए। विदेश में देखे गए आधुनिक प्रयोगों को स्थानीय जरूरतों के मुताबिक लागू कर पालदा को आदर्श वार्ड के तौर पर विकसित किया जा सकता है।

#### आईवीएलपी के तहत अमेरिका दौरे पर महापौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव को अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से इंटरनेशनल विजिटर लीडरशिप प्रोग्राम के लिए आमंत्रित किया गया है। करीब दो सप्ताह के इस दौरे में गवर्नेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, तकनीकी नवाचार और भविष्य के शहरों के सामने आने वाली प्रशासनिक चुनौतियों जैसे विषयों पर संवाद हो रहा है। इंदौर में भी डिजिटल गवर्नेंस और तकनीक के जरिए नागरिक सेवाओं को आसान बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

#### कैनेडी स्पेस सेंटर और एआई संस्थान का दौरा

महापौर ने सोशल मीडिया पोस्ट में फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर की यात्रा को यादगार और प्रेरणादायक अनुभव बताया। उन्होंने लिखा कि यह स्थान मानव अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास के महत्वपूर्ण अध्यायों का केंद्र रहा है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट्रल फ्लोरिडा के इंस्टीट्यूट ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौरे का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वहां रिसर्च, शिक्षा और वास्तविक जीवन में अकके उपयोग को एक साथ जोड़ने के प्रयासों को समझने का अवसर मिला। मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विजन, रोबोटिक्स, हेल्थकेयर और जिम्मेदार अकजैसे क्षेत्रों में हो रहे काम के साथ अकआधारित भविष्य के लिए नई प्रतिभाओं और जरूरी कौशल तैयार करने की प्रक्रिया को भी करीब से जानने का मौका मिला।

## खबर एक नजर...

### कुतिया ने सीएमएचओ कार्यालय में जन्मे पिल्ले

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश को यूं ही अजब-गजब प्रदेश नहीं कहते। इसकी एक बानगी छतरपुर में सामने आई है। यहां एक आवारा कुतिया ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय को ही अपना प्रसूति केंद्र बना लिया। दफ्तर में रखी अलमारियों और फाइलों के बीच उसने छह पिल्लों को जन्म दिया। बताया जा रहा है कि रविवार रात कुतिया कार्यालय के एक खाली केबिन में पहुंच गई। यहां अलमारियों के पास फाइलें और दस्तावेज रखे थे। कुतिया ने वहीं पिल्लों को जन्म दे दिया। सोमवार सुबह कर्मचारी दफ्तर पहुंचे तो फाइलों के बीच पिल्ले नजर आए। इसका वीडियो सामने आया, तो स्वास्थ्य विभाग के इस कार्यालय में सुरक्षा और साफ-सफाई की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। मामला सामने आने के बाद कलेक्टर ने सीएमएचओ को फटकार लगाई। साथ ही कार्यालय की व्यवस्थाएं जल्द सुधारने के निर्देश दिए।

### एमवाय हॉस्पिटल में चूहों के बाद अब सांप की एंट्री

**इंदौर।** इंदौर के एमवाय अस्पताल में चूहों के बाद अब सांप की एंट्री भी हो गई है। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल की न्यू ओपीडी में एक सांप काफी देर तक बेखौफ होकर घूमता रहा। सांप को देखकर अस्पताल में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। ऐसा लग रहा था, मानो सर्पराज भी अपना इलाज कराने अस्पताल पहुंचे हों और बिना किसी डर के ओपीडी का जायजा ले रहे हों। काफी मशक्कत के बाद सांप को पकड़ा गया और अस्पताल परिसर से बाहर निकाला गया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। अब लोग अस्पताल की व्यवस्थाओं पर तंज कस रहे हैं। उनका कहना है कि प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल में मरीजों को इलाज के साथ-साथ चिड़ियाघर जैसा अनुभव भी मिल रहा है। पहले चूहे और अब सांपङ्क्यानी एमवाय अस्पताल में इलाज के साथ वन्यजीव दर्शन भी मुफ्त।

### दोनों हाथ छोड़कर बाइक चलाते दिखे विधायक

**कालापीपल।** मध्य प्रदेश में भाजपा के एक विधायक का चलती बाइक पर स्टंट करते हुए वीडियो सामने आया है। कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी बाइक चलाते समय कभी दोनों हाथ छोड़ते तो कभी एक हाथ से बाइक चलाते नजर आए। वीडियो सामने आने के बाद विधायक के इस अंदाज पर सवाल उठने लगे। लोगों ने नियम-कायदों की अनदेखी को लेकर सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर खरी-खरी सुनाई। इसके बाद विधायक बैकफुट पर आ गए। विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने सफाई देते हुए कहा- मेरे द्वारा कोई स्टंट नहीं किया गया था। उत्साह में हो गया था। आगे से मुझसे ऐसी गलती नहीं होगी। खास बात यह है कि यही विधायक कुछ समय पहले सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को नियमों का पालन करने की सीख देते नजर आए थे। उन्होंने गणेश प्रतिमा को भी कार में सीट बेल्ट पहनाई थी। उस दौरान उन्होंने कहा था कि गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट और मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट जरूर लगाना चाहिए। अब विधायक खुद बाइक पर नियमों की अनदेखी करते नजर आए तो कांग्रेस ने भी सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस ने पूछा है कि बाइक पर स्टंट करने के मामले में विधायक का चालान आखिर कब कटेगा? नेता जी ने गलती मानकर माफी तो मांग ली, लेकिन अब सवाल यही है कि नियम-कायदे सिर्फ दूसरों के लिए हैं या जनप्रतिनिधियों पर भी लागू होते हैं।

### तहसीलदार पर भड़क गए कांग्रेस विधायक

**आगर मालवा।** आगर जिले के सुसनेर में नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव के दौरान कांग्रेस विधायक भैरों सिंह परिहार तहसीलदार पर भड़क गए। विधायक ने फोन पर तहसीलदार को जमकर खरी-खोटी सुनाई और यहां तक कह दिया- तेरे बाप का राज है क्या? दरअसल, सुसनेर में नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव के लिए वोटिंग चल रही थी। इसी दौरान विधायक ने बिना सूचना दिए ईवीएम बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने चुनाव में फजीर्वाड़ा किए जाने की बात कहते हुए तहसीलदार को फोन लगा दिया और जमकर फटकार लगाई। हालांकि, इस बातचीत का एक दिलचस्प पहलू भी सामने आया। तहसीलदार को खरी-खोटी सुनाने के बाद विधायक खुद पूछते नजर आए कि फोन पर कौन था? यानी विधायक को यह तक पता नहीं था कि दूसरी तरफ आखिर कौन था। विधायक के इस वीडियो के सामने आने के बाद कांग्रेस को भाजपा पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाने का मौका मिल गया है। पार्टी की ओर से चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

### कुएं में मिले लापता मां-6 साल के बेटे के शव

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश में शिवपुरी के करैरा में मंगलवार शाम पुलिस लाइन के नीचे स्थित पीपल वाले कुएं में महिला और उसके 6 साल के बेटे के शव मिले। महिला ने बेटे को दुपट्टे से अपने शरीर से बांध रखा था। दोनों सोमवार रात से लापता थे। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस आत्महत्या के साथ हत्या समेत अन्य पहलुओं से भी जांच कर रही है। मृतकों की पहचान शिवानी (33) पत्नी भूपेंद्र विश्वकर्मा, निवासी एलआईसी ऑफिस के पीछे करैरा, और उसके 6 वर्षीय बेटे भोलू के रूप में हुई है।


---

### यूनेस्को की अस्थायी सूची में शामिल हुईं उदयगिरि गुफाएं, विदिशा को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय पहचान

# 4 ऐतिहासिक स्मारकों को मिली सूची में जगह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विदिशा की ऐतिहासिक उदयगिरि गुफाएं यूनेस्को की अस्थायी सूची में शामिल हो गई हैं। इससे विदिशा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने की उम्मीद है। उदयगिरि के अलावा धार जिले की बाघ गुफाएं, रातापानी का गिन्नौरगढ़ किला और मुरैना का चंबल मंदिर समूह भी इस सूची में शामिल किए गए हैं।उदयगिरि पहाड़ी करीब एक किमी लंबी है, जिसमें कुल 20 गुफाएं हैं। इनमें 18 हिंदू और दो जैन धर्म से संबंधित हैं। गुफाओं में भगवान शिव के शिवलिंग, शक्ति रूपा महिषासुर मर्दिनी और भगवान गणेश की प्राचीन प्रतिमाएं मौजूद हैं। गुफा नंबर 4 में अद्वितीय मुखलिंगी शिव के दर्शन होते हैं, जबकि गुफा नंबर 6 में वीरता से परिपूर्ण मुद्रा में महिषासुर मर्दिनी की प्रतिमा स्थापित है।



#### यहां की वराह प्रतिमा सबसे खास

शहर के इतिहासकार गोविंद देवलिया बताते हैं कि विदिशा के पास स्थित उदयगिरि गुफाएं महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थल हैं। यहां चट्टानों को काटकर बनाई गई 20 गुफाएं हैं, जो गुप्तकाल (350 से 550 ईस्वी) की मानी जाती हैं। इस स्थल पर चंद्रगुप्त द्वितीय (375 से 415 ईस्वी) और कुमारगुप्त प्रथम (415 से 455 ईस्वी) के शासनकाल से संबंधित गुप्त वंश के महत्वपूर्ण शिलालेख भी मिले हैं। यहां हिंदू मंदिरों और प्रतिमाओं के प्राचीनतम नमूनों में शामिल कलाकृतियां मौजूद हैं।

### खंडेलवाल गॉट टैलेंट में 41 प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खंडेलवाल भवन में खंडेलवाल युवा संघ द्वारा 'खंडेलवाल गॉट टैलेंट- सीजन 1' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज की 41 प्रतिभाओं ने गायन, नृत्य और कविता सहित विभिन्न विधाओं में शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित करना था।

युवा संघ अध्यक्ष रतनदीप सोखिया, सचिव संस्कार कुलवाल और कोषाध्यक्ष अशित राजोरिया ने इंदौर से आए मुख्य अतिथि मनीष शाहरा, अतिथि प्रकाश राजोरिया, ओम माचीवाल और एनएल गुप्ता का सम्मान किया। प्रतियोगिता तीन आयु वर्गों में आयोजित की गई। 4 से 15 वर्ष आयु वर्ग में रिद्धिमा राजोरिया प्रथम, अनाया झालानी द्वितीय और तनुष्का खंडेलवाल तृतीय रहीं। 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में मेघा खंडेलवाल ने प्रथम, पूर्णिमा नाटाणी ने द्वितीय और आरना जंघिनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में वीणा दास प्रथम, गुंजन झालानी द्वितीय और सोनाली जंघिनिया तृतीय विजेता रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में रितेश नाटाणी, अर्पित गुप्ता, शुभम झालानी, आयुष गुप्ता, शुभम सोखिया, पुनीत धामानी, अतुल तंबोलिया, हर्ष सामरिया और तरुण रावत की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर खंडेलवाल वैश्य पंचायत के अध्यक्ष गोविंद खंडेलवाल, सचिव अनिल सामरिया, कोषाध्यक्ष गुलशन नाटाणी, उपाध्यक्ष राजेंद्र झालानी, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र सोखिया, देवेंद्र जंघिनिया, धर्मेंद्र गुप्ता और मनीष मेहरवाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# इसी हफ्ते मानसून की विदाई, आज 19 जिलों में बारिश का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश से इसी हफ्ते मानसून की विदाई शुरू होगी। यह सबसे पहले उज्जैन और ग्वालियर संभाग के जिलों से लौटेगा। फिर इंदौर, भोपाल, नर्मदापुरम, सागर से वापसी होगी। इससे पहले 3 दिन बूंदाबांदी का दौर चलेगा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा राजस्थान, पंजाब के कई जिलों से गुजर रही है और एमपी के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में है।

बुधवार को 19 जिलों में बारिश का अलर्ट है। बैतूल, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, पन्ना में हल्की बूंदाबांदी, आंधी और गरज-चमक की स्थिति बन सकती है। वहीं, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच में धूप खिलेगी। आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, हरदा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, सागर, दमोह, नरसिंहपुर, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में भी मौसम सामान्य रहेगा।



मौसम विभाग के मुताबिक, 1 और 2 अक्टूबर को कुछ ही जिलों में बूंदाबांदी होगी। 3 अक्टूबर को पूरे प्रदेश से बारिश के बादल छंट जाएंगे। इसलिए कहीं भी गरज-चमक बारिश होने का अनुमान नहीं है। मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में बारिश का आंकड़ा चार प्रतिशत ज्यादा है। अधिकांश जिलों में कोटे से ज्यादा पानी गिर चुका है लेकिन बालाघाट, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, रीवा, सागर, सिवनी में 3% से 21% तक कम बारिश हुई है।

वहीं, पश्चिमी हिस्से के आलीराजपुर, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, खंडवा, मंदसौर, मुरैना, नर्मदापुरम, नीमच, रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, उज्जैन और विदिशा में औसत से 9% से 51% कम पानी गिरा है।

#### 100 प्रतिशत बारिश होने की उम्मीद कम

अनूपपुर, छतरपुर, डिंडौरी, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, निवाड़ी, पन्ना, सतना, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उमरिया, आगर-मालवा, भिंड, भोपाल, बुरहानपुर, दतिया, गुना, ग्वालियर, खरगोन, राजगढ़, श्योपुर और शिवपुरी में ही औसत से ज्यादा बारिश दर्ज की गई।

### सिंहस्थ से पहले शहर में स्थायी सेवा प्रकल्प स्थापित करेगा लायंस क्लब गोल्ड

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन गोल्ड के झोन चेयरपर्सन लायन डॉ. राहुल पण्ड्या की आधिकारिक यात्रा 26 सितम्बर शनिवार को होटल विक्रमादित्य में संपन्न हुई। कार्यक्रम में आगामी सिंहस्थ को देखते हुए शहर में क्लब की ओर से एक स्थायी सेवा प्रकल्प स्थापित करने का आह्वान किया गया। साथ ही झोन चेयरपर्सन डॉ. पण्ड्या ने सदस्यों को मानव सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद लायन शैलेश सोनी ने ध्वज वंदना का वाचन किया। क्लब अध्यक्ष लायन गौतम शाह ने अपने स्वागत भाषण में गोल्ड क्लब के सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी अतिथियों के सामने रखी। इसी दौरान क्लब के चार्टर अध्यक्ष लायन संजय सक्सेना ने सदस्यों को संबोधित करते हुए आगामी सिंहस्थ से पूर्व उज्जैन में कोई स्थायी सेवा प्रकल्प शुरू करने का प्रस्ताव रखा।

# पुरानी पेंशन बहाली और एरियर भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

### आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम दिया पत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों और पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ और आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। राज्य कर्मचारी संघ ने 23 सूत्रीय और मध्य प्रदेश राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने 8 सूत्रीय मांगों का पत्र प्रशासन के समक्ष रखा। पदाधिकारियों ने समय-सीमा में समस्याओं के निराकरण की मांग की है ताकि कर्मचारियों को उनके अधिकार मिल सकें।

राज्य कर्मचारी संघ के ज्ञापन में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, केंद्र के समान महंगाई भत्ता, वेतन विसंगतियों का निराकरण, नियमितीकरण, पदोन्नति, सातवें वेतनमान का लाभ, पंचायत सचिवों का संविलियन और स्टाइपेंड व्यवस्था समाप्त करने की प्रमुख मांगें शामिल हैं। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुष, महिला एवं बाल विकास, वन विभाग, पटवारी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से जुड़े मुद्दे भी उठाए गए।

वहीं, आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन का पूर्ण भुगतान, लंबित एरियर का भुगतान, पीएचई उज्जैन में लंबित वेतन का निराकरण, वेतन अभिलेखों की जांच, ईपीएफ और ईएसआईसी की राशि समय पर जमा कराने तथा अवकाश व अन्य वैधानिक लाभ सुनिश्चित करने की मांग रखी। संघ ने अधिकारियों और कर्मचारी प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित करने पर भी जोर दिया। आउटसोर्स संघ की ओर से प्रदेश मंत्री गुलशन मंसूरी ने भी निराकरण की मांग उठाई।




ज्ञापन का वाचन संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने किया। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी, संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, कार्यकारी संभागीय अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे, संभागीय कोषाध्यक्ष परसराम कापड़िया, उपाध्यक्ष राजकुमार सोलंकी, उज्जैन जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव और शाजापुर जिलाध्यक्ष जॉय शर्मा उपस्थित रहे।

साथ ही पेंशन महासंघ से शमशेर सिंह तोमर, रमेशचंद्र सिरवया, रतलाम से अशोक पवार, शैतान सिंह राठौर, रविन्द्रपाल सिंह तंवर, हरीश भिंडवाल, गोपाल बोरिया, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अशोक मालवीय, नवीन पांडे, जिला कोषाध्यक्ष संजय सिंह सिसोदिया, बिष्णुकांत पांचाल, राजेन्द्र बारूपाल, अविनाश गुजराती, कन्हैयालाल वर्फा, राजीव सिंह सेंगर और राजाराम कछावा सहित विभिन्न तहसीलों व ब्लॉक के पदाधिकारी मौजूद थे। अंत में आभार कार्यकारी संभागीय अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे ने माना।



### महाराष्ट्र समाज ने निभाई 51 वर्ष पुरानी परंपरा, 100 यजमानों ने किया सामूहिक भरणी श्राद्ध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाराष्ट्र समाज द्वारा मंगलवार, 29 सितंबर को क्षीरसागर स्थित तिलक स्मृति मंदिर में सामूहिक भरणी श्राद्ध विधि-विधान से संपन्न हुआ। इसमें मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए लगभग 100 यजमानों ने अपने दिवंगत स्वजनों का श्राद्ध कर्म किया।

समाज के पुरोहित शिरीष राले, किरण केकरे, चंद्रोदय पैठणे और पवन देशपांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तर्पण व अन्य क्रियाएं संपन्न कराईं। पितृ पक्ष में भरणी नक्षत्र पर होने वाले इस श्राद्ध का विशेष महत्व है। यह दिवंगत परिजनों के प्रथम वार्षिक श्राद्ध से पूर्व किया जाता है।

महाराष्ट्र समाज द्वारा यह धार्मिक परंपरा पिछले 51 वर्षों से निरंतर निभाई जा रही है।

आयोजन महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, सचिव विश्वास करहाडकर और राम मंदिर संयोजक प्रदीप जोग के मार्गदर्शन में हुआ। विभिन्न क्षेत्रों से आए यजमानों के लिए समाज द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। व्यवस्थाओं में समाज के उपाध्यक्ष सदाशिव नायगांवकर, कोषाध्यक्ष रविन्द्र वि. मुले, सह सचिव मिलिंद पन्हालकर, वसंत आप्टे, निलेश फडनिस, जयवंत श्योमपुरकर, लाभेश जोशी, आलोक मोढ़े, सुनील गर्गे और अमित मावलंकर सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सहयोग रहा।

# कंटेनर किराया 150% बढ़ा, ग्वालियर का स्टोन एक्सपोर्ट संकट में

### यूरोप के 27 देशों के ऑर्डर होल्ड, 40 हजार लोगों के रोजगार पर असर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर के बलुआ पत्थर की पहचान देश से लेकर यूरोप तक है। यहां के स्टोन उत्पाद यूरोप के करीब 27 देशों में पहुंचते हैं, लेकिन कंटेनर किराए में अचानक हुई भारी बढ़ोतरी ने इस कारोबार की पूरी गणित बिगाड़ दी है।

यूरोप जाने वाले कंटेनर का किराया करीब 150% तक बढ़ गया है। जो कंटेनर पहले करीब 2 हजार डॉलर में मिल जाता था, उसके लिए अब 5 हजार डॉलर से ज्यादा चुकाने पड़ रहे हैं। कारोबारियों के मुताबिक कुछ मामलों में किराया 5,400 डॉलर तक पहुंच गया है। दरअसल खाड़ी देशों में युद्ध के चलते जहाजों को घूमकर जाना पड़ रहा है। इसके चलते यह किराया बढ़ाया गया है। कई बार लौटते समय जहाजों को माल नहीं मिल पा रहा है जिसका असर बढ़ोत्तरी में पड़ा है। शिपिंग लागत बढ़ने से ग्वालियर के स्टोन उत्पाद यूरोप के बाजार में महंगे पड़ने लगे हैं। इसका सीधा असर ऑर्डर पर पड़ा है। कई विदेशी खरीदारों ने फिलहाल ऑर्डर होल्ड कर दिए हैं। इससे पुरानी छावनी स्थित स्टोन पार्क की 55 फैक्ट्रियों और अंचल की 150 से ज्यादा स्टोन इकाइयों में तैयार माल जमा होने लगा है। स्थिति यह है कि अब फैक्ट्रियों और गोदामों में तैयार माल रखने के लिए जगह कम पड़ रही है। कारोबारियों के मुताबिक 27 टन क्षमता वाले एक कंटेनर में करीब 6 से 7 लाख रुपए के स्टोन उत्पाद यूरोप भेजे जाते हैं। ऐसे में कंटेनर का किराया करीब ढाई गुना तक बढ़ जाने से प्रति खेप निर्यात लागत काफी बढ़ गई है। पत्थर की कीमत और परिवहन खर्च के बीच का अंतर कम होने के कारण बढ़ा हुआ भाड़ा कारोबारियों और विदेशी खरीदारों, दोनों पर असर डाल रहा है।



#### ऑर्डर रुके तो फैक्ट्रियों में माल, पूंजी भी फंसी

विदेशी ऑर्डर होल्ड होने से तैयार स्टोन उत्पाद फैक्ट्रियों में ही पड़े हैं। पत्थर भारी होने के कारण इसे लंबे समय तक सामान्य गोदामों में रखना भी आसान नहीं है। कारोबारियों के सामने दोहरी परेशानी है- पुराना माल उठ नहीं रहा और नया उत्पादन करने पर स्टॉक और बढ़ जाएगा। इससे तैयार माल के साथ कारोबारियों की पूंजी भी फंस गई है। कारोबार पर असर अब सीधे रोजगार तक पहुंच गया है। पत्थर का काम करने वाले कारीगरों ने बताया है कि वे इस समय परेशान हैं। काम नहीं मिल रहा है। जहां काम है तो पैसा समय पर नहीं मिल रहा है। कई जगह मजदूर वापस लौट रहे हैं। स्टोन पार्क ग्वालियर इंडस्ट्रियलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्य प्रकाश शुक्ला ने कहा कि कंटेनर भाड़े में अचानक बढ़ोतरी से यूरोप में ग्वालियर के स्टोन उत्पादों की लागत बढ़ गई है। इसका सीधा असर ऑर्डर और फैक्ट्रियों के काम पर पड़ा है।

#### इस तरह विदेश तक पहुंचता है पत्थर

ग्वालियर सहित पूरे अंचल और प्रदेश से विदेश में भेजे जाने वाले पत्थर को कई चरणों से गुजरना पड़ता है। सबसे पहले खदानों से बड़ी-बड़ी चट्टानों के रूप में पत्थर निकाला जाता है। इसके बाद ट्रक या ट्रॉला से इसे फैक्ट्री तक पहुंचाया जाता है, जहां बड़ी मशीनों से इसकी कटिंग की जाती है। फिर जरूरत के अनुसार पत्थर को अलग-अलग आकार और साइज में तैयार किया जाता है। तैयार उत्पादों को लकड़ी के बॉक्स में पैक कर बड़े ट्रॉला से पोर्ट तक भेजा जाता है।

**गुजरात के सहारे भेजा जाता है-** ग्वालियर-चंबल अंचल और मध्यप्रदेश से विदेश जाने वाला अधिकांश स्टोन गुजरात के मुंद्रा और कांडला पोर्ट भेजा जाता है। कारोबारियों के मुताबिक यहां से माल पहुंचने में करीब 22 से 26 दिन लगते हैं, जबकि मुंबई पोर्ट तक पहुंचने में 32 से 35 दिन लग जाते हैं। पोर्ट पर पहुंचने के बाद पत्थर को ट्रॉला से उतारकर केमिकल ट्रीटमेंट किया जाता है, ताकि फंगस या संक्रमण जैसी समस्या न हो। इसके बाद तैयार माल को कंटेनर में लोड किया जाता है।

# सिंगर जुबिन नौटियाल पिता बने, हुआ बेटे का जन्म

बॉलीवुड के मशहूर सिंगर और उत्तराखंड मूल के जुबिन नौटियाल पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी ने 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन बेटे को जन्म दिया। खास बात यह है कि बेटे के जन्म की जानकारी अब सामने आई है। जुबिन ने खुद इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और अस्पताल से घर लौट चुके हैं।

जुबिन ने बॉम्बे टाइम्स से बातचीत में कहा कि उनके बेटे का जन्म गणेश चतुर्थी के बेहद शुभ दिन हुआ। उन्होंने कहा, ह्हहां, मैं अब पिता हूं। हमारे बेटे का जन्म 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के बेहद शुभ दिन हुआ। मां और बच्चा दोनों घर वापस आ गए हैं और स्वस्थ हैं।

परिवार इस समय नाम रखने की बजाय नवजात के साथ शुरूआती खूबसूरत पलों को जी रहा है। जुबिन ने कहा कि वे अपने बेटे के साथ हर पल का आनंद ले रहे हैं।

जुबिन से जब बेटे के नाम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी तक उन्होंने और उनकी पत्नी ने कोई नाम तय नहीं किया है। उनका कहना है कि फिलहाल परिवार का पूरा ध्यान बच्चे के साथ समय बिताने पर है। जुबिन ने कहा कि वह इस समय अपने बेटे के साथ बिताए जा रहे हर पल को महसूस कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में काम के सिलसिले में बाहर जाना उनके लिए आसान नहीं होगा, क्योंकि बेटे से दूर रहना मुश्किल लगेगा।

### दिसंबर में यूके टूर, बोले- बच्चे से दूर रहना मुश्किल होगा

जुबिन के काम से जुड़ी व्यस्तताएं भी जारी हैं। दिसंबर में उनका यूके टूर प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें काम के लिए बाहर जाना पड़ेगा तो यह मुश्किल होगा। जुबिन के यूके टूर में 12 दिसंबर को लीसेस्टर और 13 दिसंबर को लंदन में कार्यक्रम निर्धारित हैं। जुबिन ने कहा कि अभी वह अपने बेटे के साथ हर मिनट बिताने का आनंद ले रहे हैं और इस समय उनके लिए यह बेहद खास अनुभव है।

### इस साल सामने आई थी शादी की खबर

जुबिन ने अपनी निजी जिंदगी को हमेशा लाइमलाइट से दूर रखा है। उनकी शादी की खबर भी इस साल अप्रैल में सामने आई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने उत्तराखंड में अपनी बचपन की दोस्त के साथ निजी समारोह में शादी की थी। शादी में करीबी परिवार के लोग ही शामिल हुए थे। शादी को लेकर भी जुबिन ने निजीपन बरकरार रखा था।

# परिणीति चोपड़ा बोलीं- सुशांत मेरे चीयरलीडर थे

## मुझे नेशनल अवॉर्ड मिला तो खुशी से चिल्लाने लगे; हम इकोनॉमिक्स और तारों पर बातें करते थे



अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने अपने दिवंगत को-स्टार सुशांत सिंह राजपूत को याद किया है। जूम को दिए इंटरव्यू में परिणीति ने साल 2013 की फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस' की शूटिंग के दिनों का एक भावुक वाकया शेयर किया।

परिणीति ने बताया कि जब उनकी पहली फिल्म 'इश्कजादे' के लिए नेशनल अवॉर्ड की घोषणा हुई थी, तब सुशांत खुशी के मारे स्विमिंग पूल की कुर्सियों पर चढ़कर चिल्लाने लगे थे।

परिणीति ने सुशांत को अपना सच्चा दोस्त और सबसे बड़ा चीयरलीडर बताया। परिणीति ने बताया कि फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस' की शूटिंग के दौरान एक दिन काम से छुट्टी थी। वे सुशांत सिंह राजपूत और दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर के साथ होटल के स्विमिंग पूल के पास बैठे थे।

तभी परिणीति के फोन पर फिल्ममेकर करन जौहर का 'मुबारक हो' मैसेज आया। परिणीति समझ नहीं पाईं कि बधाई किसलिए है, लेकिन सुशांत तुरंत वजह पता करने में जुट गए। जैसे ही पता चला कि परिणीति को 'इश्कजादे' के लिए नेशनल अवॉर्ड (स्पेशल मेंशन) मिला है, सुशांत बेहद खुश हो गए। वे पूल डेक की कुर्सियों पर चढ़ गए और जोर-जोर से चिल्लाने लगे कि 'मैं नेशनल अवॉर्ड विनर के साथ काम कर रहा हूं'। परिणीति रोने लगीं और सुशांत ने उन्हें गले लगा लिया। यह देखकर ऋषि कपूर ने हंसते हुए दोनों से कहा था कि तुम दोनों पागल हो गए हो।

अपनी बॉन्डिंग पर बात करते हुए परिणीति ने बताया कि सुशांत सिर्फ उनके को-स्टार नहीं, बल्कि एक बहुत अच्छे दोस्त थे। फिल्मों में आने से पहले परिणीति बैंकर थीं, जबकि सुशांत ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। परिणीति के मुताबिक, पढ़ाई-लिखाई का बैकग्राउंड होने की वजह से वे दोनों सेट पर फिल्मों के अलावा इकोनॉमिक्स, तारों और साइंस जैसे गंभीर विषयों पर काफी बातें करते थे।

### 2013 में आई थी शुद्ध देसी रोमांस

सुशांत सिंह राजपूत और परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस' साल 2013 में रिलीज हुई थी। मनीष शर्मा के निर्देशन और आदित्य चोपड़ा के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म में वाणी कपूर भी मुख्य भूमिका में थीं। लिव-इन रिलेशनशिप और शादी के डर पर आधारित यह रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म भारत में सफल रही थी। इस फिल्म को साल 2013 के टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी दिखाया गया था। सुशांत सिंह राजपूत 14 जून, 2020 को बांद्रा में अपने घर पर रहस्यमयी तरीके से मृत पाए गए थे। पहली नजर में मामला सुसाइड का लगा था, लेकिन बाद में परिवार की शिकायत, मीडिया और विपक्षी दलों के प्रेशर की वजह से मामले की जांच को उड़क को सौंपी गई। क्लोजर रिपोर्ट में मौत की असल वजह सुसाइड ही बताई गई है। इस केस में CBI ने 6 अगस्त 2020 को FIR दर्ज की थी। 4 साल 6 महीने 15 दिन बाद CBI ने मार्च 2025 में फाइनल क्लोजर रिपोर्ट फाइल की, जिसमें कहा गया कि आत्महत्या के लिए सुशांत को उकसाने का कोई सबूत नहीं मिला है। रिया चक्रवर्ती और अन्य को मामले में क्लीनचिट दी गई।

# पैपराजी को पोज दिए बिना निकले सलमान खान



पैपराजी से विवाद के बीच सलमान खान को सोमवार को बांद्रा में स्पॉट किया गया है। आमतौर पर सलमान पैपराजी को पोज देने के लिए कुछ सेकेंड के लिए ठहरते हैं, लेकिन इस बार वह बिना रुके सीधे कार में जाकर बैठ गए। वहीं संजय दत्त, रवीना टंडन और सारा अली खान को भी मुंबई में स्पॉट किया गया है।

बांद्रा में स्पॉट हुए सलमान ने एक नजर पैपराजी की ओर देखा और तुरंत नजरें फेरते हुए आगे बढ़ गए। इस दौरान उन्हें ब्लैक टी-शर्ट के साथ लेदर कैप पहन रखी थी। बिग बॉस 20 के वीकेंड का वार एपिसोड में सलमान ने कटरीना कैफ को वजन, भाई सोहेल के चेहरे और सनी देओल के फटे जूतों पर ट्रोल करने वालों की कड़ी शब्दों में निंदा की। इस दौरान उन्होंने एक्ट्रेसेस के गलत एंगल से शॉट लेने और पोस्ट किए जाने पर कहा, आजकल एक नया ट्रेंड है। गाड़ी से निकलते वक्त कैमरा यहां (कमर पर) होता है और गाड़ी में बैठते वक्त भी कैमरा यहां होता है, ताकि हिप शॉट मिल जाए, टांगों का शॉट मिल जाए। इसके बाद पीछे से भी एक शॉट लिया जाता है, जो कोई भी अभिनेत्री या लड़की पसंद नहीं करती।

उन्होंने कहा कि कुछ महिलाएं ऐसी तस्वीरों को लेकर सहज हो सकती हैं, लेकिन सवाल उन महिलाओं का है जिन्हें यह पसंद नहीं है। सलमान ने इस दौरान अभिनेत्री सई मांजरेकर, नेहा धूपिया और भांजी का जिक्र किया।

सलमान ने आगे कहा कि पीछे से महिलाओं की तस्वीरें लेने के बाद उन पर पहचानो ये कौन है जैसे कैप्शन क्यों लगाए जाते हैं।

सलमान ने कहा कि जो महिलाएं इस तरह की तस्वीरों से असहज होती हैं, उन्हें इसका विरोध करना चाहिए। उन्होंने तीखे अंदाज में कहा, जहां ऐसा हुआ न, घूम के चांटा मारो। बोलना अपनी मां-बहनों का ये शॉट ले लो और हमें दिखाओ।

# रॉयल गाउन पहनीं ऐश्वर्या राय ने मंच पर किया नमस्ते



बॉलीवुड स्टार ऐश्वर्या राय बच्चन ने सोमवार को पेरिस फैशन वीक 2026 में रैंप वॉक किया। एफिल टावर के बैकग्राउंड में उनका रॉयल लुक चर्चा में रहा। ऐश्वर्या के साथ इंटरनेशनल स्टार्स सिमोन एशली, सेलीन डियोन, ईवा लॉन्गोरिया और केंडल जेनर ने भी वॉक की है। पेरिस फैशन वीक से पहले का एक वीडियो सामने आया है, जब ऐश्वर्या राय, सिमोन ऐशली का हाथ थामीं उनसे बात करती दिखी हैं। सिमोन ऐशली पॉपुलर ब्रिजटन सीरीज के लिए जानी जाती हैं।

### पेरिस फैशन वीक के बारे में

पेरिस फैशन वीक दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित फैशन आयोजनों में से एक है। यहां दुनिया के बड़े फैशन ब्रांड अपने नए कलेक्शन पेश करते हैं। इसे फैशन इंडस्ट्री में नए ट्रेंड्स और डिजाइन की दिशा तय करने वाले आयोजनों में गिना जाता है। पेरिस फैशन वीक साल में चार बार आयोजित होता है। मौसम के मुताबिक कलेक्शन दिखाया जाता है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



## रंग भरकर चित्र बनाओ





## जोक्स

टीचरः आज तुम स्कूल देर से क्यों आए हो?
छात्रः सड़क पर लिखे बोर्ड की वजह से लेट हुआ।
टीचरः कैसा बोर्ड?
छात्रः बोर्ड पर लिखा था- आगे स्कूल है, कृपया धीरे चलें

भिखारीः भाई, एक रुपया दे दो, तीन दिन से भूखा हूँ।
राहगीरः तीन दिन से भूखा है तो एक रुपये का क्या करेगा?
भिखारीः वजन देखना है कि कितना घटा है।

## वर्ग पहेली





### बाएं से दाएं

1. पाबंदी, संयम, पाश-3
3. मनुष्य, इंसान-3
5. शारीरिक, ऊंचाई-2
6. नलका, टूटी
8. प्रलय, महासंकट-4
11. दही से बना खाद्य पदार्थ-3
13. निर्माण, निर्मिती-3
14. हुनर, आर्ट-2
15. उम्मीद, आशा-2
16. खाना बनाना-3
18. असफल, अनुतीर्ण-3
20. आभास, भास-3
22. वध-2
24. जी, इच्छा, चित-2
25. सब्जी का सड़ना, बर्फ का पिघलना-3
26. याद करना-3

### ऊपर से नीचे

1. हड़ताल, स्थिर, रुका हुआ-2
2. लवण-3
3. विश्राम, राहत-3
4. मछली, मत्स्य, राशि चक्र की एक राशि-2
5. बूंद-3
7. शरमाना-3
9. दोस्त, मित्र-2
10. बहुत प्यासा होना-4
12. एकटक निहारना-3
16. शरण, आश्रय-3
17. सम्मान-2
19. चिंतन-3
20. मकान, इमारत-3
21. कमी, थोड़ा-3
23. तज देना-2
24. इंकार, मनाही-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 22 | | 63 | | 20 | = | 29 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 22 | | 2 | | 20 | | 2 | = | 80 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 3 | | 70 | | 50 | = | 55 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 30 | | 35 | | 15 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 43 | | 17 | | 48 | | 57 | = | 14 / 69 |

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | म | मा | डॉ. | व | जे | ट्ट | सिं | ह | क | पि | | | | | | | | | |
| हा | न | सू. | ह | म | ल | जी | स | ल | व | ज | | | | | | | | | |
| सु | धी | जो | द | अं | को | त | र | य | ल | टी. | | | | | | | | | |
| कु | र | दा | पा | ल | क | ह | वा | ह | व | ए | | | | | | | | | |
| म | के. | न | प | ल | म | मी | र | म्म | ली | स. | | | | | | | | | |
| र | मै | ए | स | जि | स्था | क | प | सिं | गु | कृ | | | | | | | | | |
| से | ह | बु | म. | ठै | म | मी | ठे | बी. | ह | ष्ण | | | | | | | | | |
| व | पू | सु | पा | सिं | पं. | रौ | ल | बी. | ना | मू. | | | | | | | | | |
| गों | रे | क | सू. | ह | ग | बे | ने | टं | न | तिं | | | | | | | | | |
| आ | र. | के. | त्रि | वे | दी | दो | ह | ह | क | व | | | | | | | | | |
| दी. | ए | न | से | प | न | ह | ह | न | ह | धी | | | | | | | | | |

### शब्दजाल में 'भारत के प्रमुख 10 चुनाव आयुक्तों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

सुकुमार सेन, डॉ. नगेन्द्रसिंह, टी. स्वामीनाथन, टी.एन. शेषन, मनोहरसिंह, टी.एस. कृष्णमूर्ति, बी.बी.टंडन, एन. गोपालस्वामी, जे.एम. लिंगदोह, आर. के. त्रिवेदी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 4 | 5 | | |
| 2 | 25 | | 32 | 4 | 36 | 2 |
| 7 | | 1 | 6 | | | |
| | 34 | 6 | 31 | 6 | 33 | 5 |
| | 5 | | 3 | | | 1 |
| | 37 | 5 | 31 | | 30 | 3 |
| | 5 | | 6 | 1 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | + | 56 | - | 2 | - | 35 | = | 58 |
| - | ■ | + | ■ | x | ■ | - | ■ | - |
| 31 | - | 20 | + | 14 | + | 32 | = | 57 |
| + | ■ | + | ■ | - | ■ | + | ■ | x |
| 40 | x | 2 | - | 20 | - | 30 | = | 30 |
| - | ■ | + | ■ | + | ■ | - | ■ | - |
| 30 | + | 5 | x | 5 | - | 15 | = | 15 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 18 | + | 43 | - | 13 | - | 18 | = | 12 / 69 |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 |
| 5 | 30 | 3 | 21 | 1 | 35 | 7 |
| 1 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 2 | 29 | 6 | 40 | 7 | 34 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 33 | 4 | 42 | 5 | 26 | 1 |
| 3 | 1 | 7 | 6 | 2 | 5 | 4 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल ! का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# म्यांमार ने रखाइन राज्य में एयरस्ट्राइक की, 49 की मौत:

## 58 घायल; विद्रोही गुट के कब्जे में है यह इलाका




म्यांमार की सेना ने सोमवार को पश्चिमी रखाइन राज्य में एक बाजार के पास एयरस्ट्राइक की। इसमें कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई और 58 लोग घायल हुए हैं। यह इलाका ताकतवर विद्रोही संगठन अराकान आर्मी के कब्जे में है। हमले के वक्त बाजार में दुकानदारों और ग्राहकों की भीड़ थी। अराकान आर्मी ने हमले में लोगों के मारे जाने की जानकारी दी है

अराकान आर्मी के मुताबिक, सेना के लड़ाकू विमान ने बाजार के पास दो बम गिराए। घायलों में 22 की हालत गंभीर है। हालांकि, म्यांमार की सेना ने हमले पर कोई बयान नहीं दिया है।

### अराकान आर्मी ने बदले की चेतावनी दी

अराकान आर्मी ने मंगलवार तड़के जारी बयान में कहा कि वह हमले के लिए जिम्मेदार लोगों और संगठनों के खिलाफ जल्द जवाबी कार्रवाई करेगी। संगठन ने आरोप लगाया कि जानबूझकर किए गए हवाई हमलों में बड़ी संख्या में आम लोगों की जान गई है। म्यांमार की सेना ने हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। हालांकि, सेना पहले कहती रही है कि उसके हवाई हमलों का निशाना केवल सैन्य ठिकाने होते हैं। वह सैन्य शासन का विरोध




करने वाले संगठनों पर आतंकवाद में शामिल होने का आरोप भी लगाती रही है।

### 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद से संघर्ष जारी

म्यांमार में 1 फरवरी 2021 को सेना ने आंग सान सू की की चुनी हुई सरकार को सत्ता से हटा दिया था। इसके बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए। सुरक्षा बलों ने इन प्रदर्शनों को बलपूर्वक दबाया, जिसके बाद सैन्य शासन के कई विरोधियों ने हथियार उठा लिए। तब से देश के बड़े हिस्से में संघर्ष जारी है। अराकान आर्मी रखाइन के जातीय अल्पसंख्यक समुदाय को अधिक स्वायत्तता दिलाने की मांग करने वाले आंदोलन का सशस्त्र संगठन है। इसने नवंबर 2023 में रखाइन में सैन्य अभियान शुरू किया था। इसके बाद संगठन ने राज्य के 17 में से 14 टाउनशिप और एक अहम क्षेत्रीय सैन्य मुख्यालय पर कब्जा कर लिया।

### सेना की पाबंदियों से खाने-पीने की चीजों की कमी

रखाइन में लड़ाई तेज होने के बाद म्यांमार की सेना ने व्यापारिक रास्तों पर कड़ी पाबंदियां लगा दी हैं। इससे इलाके में खाने-पीने की चीजों की कमी बढ़ गई है। इससे पहले दिसंबर में रखाइन के म्राउक-यू टाउनशिप में एक अस्पताल पर हुए हवाई हमले में कम से कम 34 लोगों की मौत हुई थी और 80 लोग घायल हुए थे।

# जंग की वजह से ईरान में 25 लाख रियाल के बराबर 1 डॉलर

## 7 महीने में 50% कमजोर हुई मुद्रा; सबसे निचले स्तर पर पहुंची

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान





ईरान की करेंसी रियाल मंगलवार को अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। 1 डॉलर खरीदने के लिए 25 लाख रियाल देने पड़ रहे हैं। जंग शुरू होने से पहले 27 फरवरी को 1 डॉलर के बदले करीब 17 लाख रियाल मिल रहे थे। यानी कि सिर्फ 7 महीने में ईरान की करेंसी करीब 50 फीसदी तक गिर गई है।

ईरान के केंद्रीय बैंक की आधिकारिक दर करीब 16.5 लाख रियाल प्रति डॉलर है। हालांकि आम लोगों को डॉलर बाजार की दर पर ही मिलता है। डॉलर के मुकाबले रियाल की कीमत गिरने की बड़ी वजह युद्ध, अमेरिकी प्रतिबंध और ईरानी तेल पर लगी अमेरिकी नाकाबंदी है। इससे ईरान की कमाई और डॉलर की उपलब्धता पर असर पड़ा है, जिससे रियाल लगातार कमजोर हो रहा है। ईरान की विदेशी कमाई का बड़ा हिस्सा तेल बेचने से आता है। इसलिए अमेरिका ईरानी तेल खरीदने वाली कंपनियों, टैंकरों और शिपिंग नेटवर्क पर लगातार प्रतिबंध लगा रहा है। ईरान के तेल का बड़ा हिस्सा चीन जाता है। अमेरिकी ट्रेजरी के मुताबिक, चीन ईरान के करीब 90% तेल निर्यात का खरीदार है।

### 2. तेल का पैसा ईरान तक पहुंचना मुश्किल बनाना

सिर्फ तेल की बिक्री रोकना काफी नहीं है। तेल बेचकर जो पैसा मिलता है, वह ईरान तक पहुंचे, इसे रोकना भी जरूरी है। इसके लिए अमेरिका ईरानी बैंकों, करेंसी एक्सचेंज और शैडो बैंकिंग नेटवर्क पर कार्रवाई कर रहा है। ये ऐसे नेटवर्क हैं, जिनमें अलग-अलग देशों की कंपनियों, बैंकों और बिचौलियों के जरिए ईरान के पैसे को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था में घुमाया जाता है। अगस्त में अमेरिका ने ऐसे नेटवर्क पर कार्रवाई की थी, जिन पर ईरान के लिए सैकड़ों करोड़ डॉलर की रकम इधर-उधर करने का आरोप था। अमेरिका का दबाव सिर्फ ईरान तक सीमित नहीं है। अगर कोई विदेशी बैंक या कंपनी अमेरिकी प्रतिबंधों के दायरे में आने वाले ईरान से जुड़े कारोबार में मदद करती है, तो अमेरिका उसके खिलाफ भी कार्रवाई कर सकता है। इसे सेकेंडरी सैंक्शंस कहा जाता है।

### रियाल गिरने से ईरान में क्या दिक्कतें बढ़ीं?

रियाल कमजोर होने से खाने-पीने की चीजों और दूसरी जरूरी चीजों के दाम तेजी से बढ़े हैं। रॉयटर्स के मुताबिक जुलाई में ईरान में सालाना महंगाई 66% थी, जबकि खाने की कीमतें एक साल में 128% बढ़ी थीं। अल जजीरा के मुताबिक जंग से 20 लाख रियाल में करीब 4 किलो टमाटर, आधा किलो चिकन और करीब 1 लीटर खाना पकाने का तेल मिल जाता था। अगस्त में इतनी ही रकम में इन चीजों की करीब आधी मात्रा ही मिल रही थी। टमाटर 71%, चिकन 74% और खाना पकाने का तेल 177% महंगा हो चुका था।

# परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम विमान क्रैश

## 6 की मौत; यह प्लेन एक बार में 10,000km से ज्यादा दूरी तय कर सकता है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को



रूस का परमाणु बम ले जाने में सक्षम Tu-95 सैन्य विमान मंगलवार को ट्रेनिंग उड़ान के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में 6 क्रू मेंबर मारे गए और एक घायल हुआ।

रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान राजधानी मॉस्को से करीब 4000 किमी दूर एक सुनसान इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जमीन से टकराते ही विमान का फ्यूल टैंक ब्लास्ट हुआ, जिससे आग लग गई। यह विमान एक बार में बिना हवा में ईंधन भरे करीब 10,500 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है। साथ ही, यह करीब 9,000 किलो तक के हथियार ले जा सकता है। रूसी अधिकारियों ने अभी तक क्रैश की सटीक वजह नहीं बताई है। हालांकि शुरूआती जांच के मुताबिक, इस हादसे का कारण विमान में ईंधन का विस्फोट हो सकता है। दुर्घटना के समय विमान में कोई परमाणु हथियार या गोला-बारूद लोड नहीं था। मामले की हाई लेवल जांच के आदेश दे दिए गए है। विमान रूस के प्रमुख लंबी दूरी के एयरफोर्स बेस में शामिल यूक्रेनका एयरबेस पर तैनात था।

### रूस के Tu-95 सैन्य विमान के बारे में जानिए

Tu-95 सैन्य विमान को सोवियत संघ के दौर में डिजाइन किया गया था। यह रूस का लंबी दूरी का रणनीतिक बॉम्बर है, जिसका इस्तेमाल 1980 के दशक से रूसी लंबी दूरी की एविएशन में हो रहा है। इसकी खासियत है कि यह परमाणु हथियार ले जाने वाली क्रूज मिसाइलें दाग सकता है। इसे लंबी दूरी तक उड़कर दुश्मन के इलाके में हमला करने के लिए डिजाइन किया गया था। इसमें जेट इंजन की जगह चार टर्बोप्रॉप इंजन हैं। इसके बावजूद यह दुनिया के सबसे तेज टर्बोप्रॉप विमानों में शामिल है। Tu-95 ने 1952 में पहली उड़ान भरी और 1957 में सोवियत वायुसेना में शामिल हुआ। इसके बाद इसके कई आधुनिक वर्जन विकसित किए गए।

### आतंकवाद पर भारत की चिंताएं नहीं समझता

# जयशंकर बोले-भारत को नसीहत देने वाला अमेरिका नकल कर रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका से रिश्तों को लेकर कहा कि वह आतंकवाद पर भारत की चिंता नहीं समझता है। इसका असर रिश्तों पर पड़ता है। उन्होंने सोमवार को न्यूयॉर्क में एशिया सोसाइटी के एक कार्यक्रम में कहा,

भारत ने कई दशकों तक अपने पड़ोसी देश की ओर से आतंकवाद का सामना किया है। अगर अमेरिका को इसकी गंभीरता समझ नहीं आती, तो रिश्तों पर असर पड़ता है। जयशंकर ने चीन और अमेरिका के बीच बढ़ रही दोस्ती को लेकर कहा कि अब अमेरिका एक साथ रूस, यूक्रेन और चीन जैसे देशों के साथ संबंध अच्छे कर रहा है। अब वह भारत का डिप्लोमेसी मॉडल अपना रहा है। पहले भारत की इसी नीति को लेकर अमेरिका में आलोचना की जाती थी। अमेरिका के पूर्व राजनयिक डेनियल रसेल ने जयशंकर से पूछा कि व्यापार और टैरिफ को लेकर पिछले एक साल में भारत-अमेरिका के रिश्तों में आई खटास को कैसे दूर किया जा सकता है।

इस पर जयशंकर ने कहा कि दुनिया के कई देशों के लिए अमेरिका के साथ रिश्ते पहले के मुकाबले मुश्किल हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह शायद हमारे लिए राहत की बात न हो, लेकिन यही हकीकत है। जयशंकर ने कहा कि पहले अमेरिका में यह सोच थी कि भारत के पास ज्यादा विकल्प नहीं होने चाहिए और उसे अपने रिश्तों में ज्यादा ध्यान अमेरिका पर रखना चाहिए, लेकिन अब उसका दिखावा खत्म हो गया है।उन्होंने कहा- अब अमेरिका खुद एक साथ एशिया के दूसरे देशों के साथ रिश्ते संभाल रहा है। यानी जिस नीति पर भारत से सवाल किए जाते थे, अब अमेरिका भी उसी पर चल रहा है।

### बहुध्रुवीय व्यवस्था पर: यह च्यूइंग गम हर किसी के पास

जयशंकर के मुताबिक दुनिया अब ऐसे दौर में पहुंच रही है, जहां देश किसी एक के भरोसे रहने के बजाय कई देशों के साथ अपने रिश्ते बना रहे हैं। यही बदलाव दुनिया को बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर ले जा रहा है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि अब यह च्यूइंग गम सबके पास होगा और हर देश इसे अपने तरीके से इस्तेमाल करेगा। उन्होंने कहा कि यह बदलाव अच्छा लगे या नहीं, लेकिन जब अमेरिका जैसी बड़ी ताकत इस तरीके से काम करती है तो इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है और यह एक वैश्विक ट्रेंड बन जाता है।

# पाकिस्तान ने बांग्लादेश जा रहा न्यूक्लियर फ्यूल रोका

## रूसी प्लेन को एयरस्पेस नहीं दिया, बिजली संकट के बीच पावर प्लांट का ईंधन नहीं पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद



पाकिस्तान ने बिजली संकट झेल रहे बांग्लादेश का परमाणु ईंधन अपने आसमान से नहीं गुजरने दिया। यह ईंधन रूसी विमान में था, जो बांग्लादेश के रूपपुर प्लांट में इस्तेमाल होना था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना 24 सितंबर की है। बांग्लादेश इस समय बड़े बिजली संकट से जूझ रहा है। कई शहरों में रोज 10 से 16 घंटे बिजली कटौती हो रही है। रूस की सरकारी न्यूक्लियर कंपनी रोसाटॉम रूपपुर में न्यूक्लियर पावर प्लांट बना रही है। फ्यूल की सप्लाई भी वही कर रही है। न्यूक्लियर फ्यूल की पहली खेप को अजरबैजान, पाकिस्तान और भारत के रास्ते ढाका पहुंचना था। तैयारियां पूरी थीं, पर पाकिस्तानी एयरस्पेस इस्तेमाल करने की मंजूरी नहीं मिली।

बांग्लादेश के विज्ञान और तकनीक मंत्री फकीर महबूब अनाम ने कहा कि पाकिस्तान ने इसकी वजह नहीं बताई है। द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, न्यूक्लियर फ्यूल की सप्लाई अक्टूबर से दोबारा शुरू होगी। इसके लिए रोसाटॉम ने डिलीवरी का नया रास्ता तय किया है।

कंपनी के मुताबिक, 7 कार्गो फ्लाइट्स के जरिए फ्यूल बांग्लादेश पहुंचाया जाएगा।डिलीवरी में हुई देरी से रूपपुर प्लांट के काम के पूरे शेड्यूल पर असर नहीं पड़ेगा। ढाका में पाकिस्तान के हाई कमीशन ने इस मामले को तकनीकी समस्या बताया। हाई कमीशन ने यह भी कहा कि बांग्लादेश के साथ अपने रिश्तों को पाकिस्तान काफी अहमियत देता है।

### बांग्लादेश में बन रहा पहला न्यूक्लियर पावर प्लांट

बांग्लादेश ने अपनी बिजली जरूरत पूरी करने के लिए रूस से 2011 में समझौता किया था। इसके तहत राजधानी ढाका से करीब 160 किलोमीटर दूर पद्मा नदी के किनारे रूपपुर न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाने की योजना बनी। यह देश का पहला परमाणु बिजलीघर है। इसे रूस की सरकारी परमाणु एजेंसी रोसाटॉम की अगुवाई में बनाया जा रहा है।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर 10 चीनी ड्रोन जब्त:बिना जीपीएस उड़ सकते हैं,

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


दिल्ली एयरपोर्ट पर कस्टम्स ने तीन भारतीय यात्रियों से 1.03 करोड़ रु. के 10 सैन्य ड्रोन जब्त किए हैं। तीनों 25 सितंबर को हॉन्ग-कॉन्ग से वियतनाम होते हुए टर्मिनल-3 पहुंचे थे। खुफिया सूचना पर ग्रीन चैनल पार करते समय इन्हें रोका गया। सामान में चीनी कंपनी ऑटेल रोबोटिक्स के 10 एमडीएक्स-1 ड्रोन, 11 कंट्रोलर, 10 कैमरा गिंबल, 60 प्रोपेलर, 20 एंटीना, 40 जॉयस्टिक और आईफोन 18 प्रो मैक्स मिला।

एक यात्री ने माना कि सामान दोस्त के लिए लाया और कस्टम में घोषित नहीं किया। भारत में विदेशी ड्रोन का आयात प्रतिबंधित है। शेनझेन की ऑटेल रोबोटिक्स के एमडीएक्स-1 ड्रोन थर्मल कैमरा और लेजर रेंज फाइंडर से लैस हैं। ये जीपीएस के बिना भी उड़ सकते हैं। इसका 4टी वर्जन 42 मिनट उड़ने, 15 किमी की ऑपरेशन रेंज, लेजर से 1.2 किमी तक दूरी नापने में सक्षम है

# ताकतवर रॉकेट 'स्टारशिप' का 14वां टेस्ट कामयाब, पहली बार ऑर्बिट में पहुंचा

## शुरूआती योजना के तहत स्टारशिप को करीब 10 घंटे तक पृथ्वी के चक्कर लगाना था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन




इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का सबसे ताकतवर रॉकेट 'स्टारशिप' आज 28 सितंबर को पहली बार पृथ्वी की कक्षा में पहुंचा। 26 सैटेलाइट भी ऑर्बिट में लॉन्च किए गए।

शुरूआती योजना के तहत स्टारशिप को करीब 10 घंटे तक पृथ्वी के चक्कर लगाना था, लेकिन मिशन के दौरान किए गए रिव्यू के बाद कंट्रोलर्स ने इसे जल्दी खत्म करने का फैसला किया। इसके तहत उड़ान भरने के लगभग 2 घंटे 12 मिनट बाद रॉकेट का डीऑर्बिट बर्न पूरा किया, और मिशन शुरू होने के तीसरे घंटे के आसपास इसे प्रशांत महासागर में उतारा गया।

भारतीय समयानुसार शाम 6:16 बजे इस रॉकेट को लॉन्च किया गया था। ये स्टारशिप का 14वां टेस्ट है। इससे पहले की सभी उड़ानों में रॉकेट को सब-ऑर्बिटल ट्रैजेक्टरी तक ही सीमित रखा गया था ताकि सुरक्षा बनी रहे और ज्यादा से ज्यादा डेटा जुटाया जा सके। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। इस उड़ान से पहली बार नई तकनीक वाले 26 'स्टारलिंक श्3' सैटेलाइट्स अंतरिक्ष में भेजे गए। इनसे पूरी दुनिया में इंटरनेट की स्पीड और नेटवर्क काफी बेहतर हो जाएगा।

इस नए मॉडल का सिर्फ एक सैटेलाइट ही नेटवर्क में 1 टेराबिट प्रति सेकंड की डेटा क्षमता जोड़ देगा, यानी इस अकेले मिशन से कुल 26 ठ्लुस्र२ की क्षमता जुड़ जाएगी, जो कि फॉल्कन 9 रॉकेट से भेजे जाने वाले छोटे सैटेलाइट्स के मुकाबले लगभग 10 गुना ज्यादा है।

स्टारशिप का 11वां टेस्ट 14 अक्टूबर 2025 को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से किया गया था। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था, जिसमें सुपर हैवी बूस्टर की अमेरिका की खाड़ी में वॉटर लैंडिंग कराई गई। वहीं स्टारशिप की हिंद महासागर में वॉटर लैंडिंग कराई गई। इस फ्लाइट का मकसद भविष्य में रॉकेट को उड़ान भरने वाली जगह पर वापस लाने से जुड़े टेस्ट करना था।

### 13वां टेस्ट: पहली बार पानी में सुरक्षित तैरता दिखा स्टारशिप

स्टारशिप की 13वीं टेस्ट उड़ान भारतीय समय के अनुसार 25 जुलाई 2026 को हुई थी। इसमें अपर स्टेज ने हिंद महासागर में लैंड किया, जबकि इसके बूस्टर ने मैक्सिको की खाड़ी में लैंडिंग की। यह पहली बार था जब स्टारशिप को सुरक्षित पानी में उतारा। लैंडिंग के दौरान स्टारशिप अपनी 'बेली-फ्लॉप' स्थिति से सीधा हुआ और पानी पर लंबवत उतरा। इसके बाद यह धीरे-धीरे एक तरफ झुककर समुद्र में तैरने लगा। 'स्टारशिप' का 12वां टेस्ट सफलताओं और नाकामियों का मिला-जुला सफर रहा था। इसमें स्टारशिप के नए और बड़े वर्जन का इस्तेमाल पहली बार किया गया था। टेक्सास के दक्षिणी छोर पर स्थित 'स्टारबेस' लॉन्चिंग पैड से उड़ान भरने के बाद इंजन में खराबी आ गई। इस कारण रॉकेट के नष्ट होने का खतरा मंडरा रहा था। इसके बावजूद लगभग एक घंटे बाद स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट हिंद महासागर में सुरक्षित लैंड करने में कामयाब रहा। इस टेस्ट को भारतीय समय के अनुसार 23 मई की सुबह लॉन्च किया गया।

■ वर्ष-12 अंक-327 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

**माता शत्रु: पिता वैरी येन बालो न पाठित:।**
**न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा।।**

**भावार्थ** : जो अपने बच्चे को शिक्षा नहीं देता, ऐसी माँ शत्रु के समान होती है और उसका पिता शत्रुतापूर्ण होता है; क्योंकि हंसों के बीच बगुले की तरह ऐसा आदमी विद्वानों की सभा को शोभा नहीं देता!

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासर: 30 सितम्बर, 2026

**रूपयौवनसंपन्ना विशाल कुलसम्भवा:।**
**विद्याहीना न शोभन्ते निर्गन्धा इव किंशुका:।।**

**भावार्थ** : रूप में धनी, यौवन, और भले ही एक विशाल परिवार में पैदा हुए हों, लेकिन जो शिक्षाहीन हैं, वे बिना सुगंध के कसौदा के फूल की तरह सुशोभित नहीं होते हैं।

## सम्पादकीयम्

### पारदर्शिता अत्यावश्यकी

मुख्यनिर्वाचनआयुक्त: ज्ञानेशकुमार: बहुधा विपक्षनेतृणां आरोपानाम् सामनां कृतवान् अस्ति। अधुना एव 'विशेषसघनपुनरीक्षण' प्रक्रियाया: सम्बद्धानां आन्तरिकभेदानाम् निर्णयानां च विषये गम्भीर: विवाद: उत्पन्न: अस्ति । निर्वाचनआयोगस्य मतं यत् स्वसदस्यानां मध्ये भिन्ना: मता: विचारा: च विचाराणां सामान्य: भाग: आसीत्, सर्वे अन्तिमनिर्णया: सर्वसम्मत्या एव कृता: इति निर्वाचनआयोग: स्वस्य परिचालनपद्धतीनां विषये अन्तिमेषु वर्षेषु विवादेषु मग्न: अस्ति। विपक्षस्य अविश्वास: सम्भवत: कदापि गभीर: न अभवत्, तस्य निर्णयानां विस्तृतपरिधिविषये संशया: उत्पन्ना:। अस्मिन् सन्दर्भे आयोगस्य आन्तरिकनिर्णयप्रक्रियासम्बद्धा: प्रकाशनानि गम्भीरप्रश्ना- उत्थापयन्ति। अन्ये द्वे आयुक्तौ मुख्यनिर्वाचनआयुक्तेन सह सहमतौ वा इति विषयात् परं विशेषसघनपुनरीक्षण इत्यादिषु संवेदनशीलविषयेषु तेषां आक्षेपाणां किं जातम् इति अधिक: महत्त्वपूर्ण: प्रश्न:। असहमति: सामान्य: एव। निर्वाचनआयोग: कथयति यत् तस्य सदस्यानां मध्ये भिन्ना: मता: विचारा: च चचार्या: मानकभाग: आसीत्, सर्वे अन्तिमनिर्णया: सर्वसम्मत्या एव कृता: इति आयोगस्य अग्रे तर्क: अस्ति यत् दशमासस्य अवधिमध्ये कृतानां विशिष्टानां आन्तरिकटिप्पणीनां पृथक्करणं सम्पूर्णं चित्रं प्रस्तुतुं असफलं भवति। निर्वाचनआयोगस्य संरचनाया: विचारे तस्य तर्का: वैधरूपेण दृश्यन्ते। त्रयाणां आयुक्तानां कृते प्रत्येकस्मिन् विषये समानानि मतं धारयितुं न अत्यावश्यकम्; संस्थाया: अन्त: असहमति:।

### बद्रीनाथधामस्य कृते कठोरतरमान्यता:

# पूवार्नुमतिं विना धार्मिकस्थलानां समीपे कोऽपि कार्यक्रम: न भवति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चमोली

चमोलीमण्डलस्य बद्रीनाथधामस्य समीपे अन्येषां धार्मिकसांस्कृतिकस्थलानां च समीपे आयोजितानां कार्यक्रमानां अनुमोदनप्रक्रियायां जिलाप्रशासनेन कठोरता कृता अस्ति। नवीननिदेर्शानां अन्तर्गतं प्रशासनं उच्चमात्रायां ध्वनिसाधनानाम् उपयोगं नियमितं करिष्यति तथा च धार्मिकस्थलानां पवित्रतायाः विषये पूर्वं शिकायतां आकृष्टानि आयोजनानि च। अधुना एतादृशस्य कस्यापि आयोजनस्य कृते स्थानीयप्रशासनात् पूवार्नुमतिप्राप्ति: अनिवार्यम् अस्ति।

अनुमतिप्रदानस्य उत्तरदायित्वं परिभाषितम् चमोली जिलाधिकारी गौरवकुमार इत्यनेन स्पष्टीकृतं यत् धार्मिकं सांस्कृतिकं च महत्त्वस्य स्थलानां समीपं आयोजनं कर्तुं पूर्वं सम्बन्धितप्रशासनिकप्राधिकरणात् अनुमति: अनिवार्य: अस्ति। सम्बन्धित: उपविभागीयदण्डाधिकारी प्रस्तावितायाः आयोजनस्य समीक्षां करिष्यति, अनुमतिं दातुं अधिकार: अपि तेषां स्तरे एव तिष्ठति।

एतस्य उपायस्य माध्यमेन प्रशासनस्य उद्देश्यं अनुमोदनप्रक्रियायाः सुव्यवस्थितीकरणं भवति, येन बहुविभागेषु विखण्डितं न भवति इति सुनिश्चितं भवति। नियमस्य उल्लङ्घनस्य सन्दर्भे आयोजकानाम् अथवा तत्सम्बद्धानां समितिनां विरुद्धं कानूनी कार्रवाई कर्तुं शक्यते।

सांस्कृतिक आयोजनस्य अनन्तरं विवाद: एष: निर्णय: बद्रीनाथधामस्य समीपे पर्यटकानाम् आगमनप्लाजायां १९, २० सितम्बर दिनाङ्के आयोजितस्य 'देवभूमि सांस्कृतिकमहोत्सवस्य २०२६' इत्यस्य अनन्तरम् अस्ति। स्थानीयनिवासिन:, धार्मिकप्रतिनिधिभि:, केचन



तीर्थयात्रिका: च अस्य आयोजनस्य विषये आक्षेपं कृतवन्त: आसन्।

प्राथमिकचिन्ता धार्मिकस्थलस्य समीपे उच्चमात्रायां ध्वनिप्रणालीनां उपयोगे, आयोजनस्य एव स्वरूपे च केन्द्रीकृता आसीत्। फलत: प्रशासनेन भविष्ये एतादृशानां घटनानां कृते पूवार्नुमतिं, संवीक्षणं च आवश्यकं प्रणालीं कार्यान्वितुं निर्णय: कृत:।

कार्यक्रमस्थलस्य विषये भिन्नदृष्टिकोण: प्रशासनस्य, आयोजनेन सह सम्बद्धानां अधिकारिणां च मते मुख्यमन्दिरसङ्कुलस्य अन्त: न अपितु बाह्यपर्यटनप्लाजायां महोत्सव: आयोजित: 'ऑपरेशन सद्भावना' इत्यस्य अन्तर्गतं मण्डलप्रशासनेन सेनायाश्च संयुक्तपरिकल्पना इति वर्णितम्। आयोजकानाम् अनुसारं उद्देश्यं केवलं मनोरञ्जनं न अपितु सीमान्तहिमालयप्रदेशानां जनानां उच्चोच्चक्षेत्रेषु स्थितानां सैन्यकर्मचारिणां च मध्ये सम्पर्कं पोषयितुं, सामाजिक-आर्थिकक्रियाकलापं प्रोत्साहयितुं च आसीत् आयोजनस्य विषय: आसीत् अस्माकं धरोहरं, अस्माकं भविष्यम् इति।

धार्मिकचरित्रेण सह सङ्गतानां आयोजनानां माङ्गल्यम् बद्रीनाथप्रदेशेन सह सम्बद्धा: धार्मिकप्रतिनिधि: कथयन्ति यत् भविष्यस्य घटनानां स्वरूपं क्षेत्रस्य धार्मिक सांस्कृतिकपरिचयेन सह सङ्गतं भवेत्। बद्री धाम धार्मिक पंचायत के अध्यक्ष आशुतोष डिमरी ने भविष्य में भजन संध्या (भक्ति संगीत समागम) तथा पारम्परिक धार्मिक प्रदर्शन आदि कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने की वकालत किया।

### दिल्लीनगरस्य आधिकारिक

# एसआईआर-मार्गदर्शिकासु नूतनमतदातृणां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

दिल्लीनगरस्य आधिकारिक-एसआईआर-मार्गदर्शिकासु नूतनमतदातृणां कृते प्रपत्र-६ मार्गेण पञ्जीकरणस्य प्रक्रिया अपि वर्णिता अस्ति। अत एव पुनरीक्षणप्रक्रियाया: पार्श्वे नूतनमतदातान् योजयितुं निर्विघ्नव्यवस्थां निर्वाहयितुम् निर्वाचनसूचिकाया: निरन्तरतायै महत्त्वपूर्णम् अस्ति। दिल्ली-महाराष्ट्रे दावा-आपत्ति-कृते समय-विस्तारित आयोगेन दिल्ली-महाराष्ट्रयो: दावानां आक्षेपाणां च समयसीमाया: विस्तारस्य घोषणा अपि कृता अस्ति। सम्प्रति द्वयो: राज्ययो: एसआईआर-अङ्गत्वेन व्यापकरूपेण निर्वाचनसूचीपरीक्षा, तत्सम्बद्धा: प्रक्रिया: च सन्ति। आयोगस्य प्रकाशितसूचनानुसारं महाराष्ट्र-दिल्ली-सहितेषु अनेकेषु राज्येषु दावानां आक्षेपाणां च प्रक्रिया मूलत: सितम्बर-अक्टोबर-मासेषु निर्धारिता आसीत् विस्तारस्य उद्देश्यं तेषां मतदातानां कृते अतिरिक्तं अवसरं प्रदातुं वर्तते ये स्वप्रविष्टीनां, नामानां, पतानां, पात्रतायाः स्थिति: वा विषये दावान् आक्षेपं वा दातुम् इच्छन्ति। विवादस्य मध्ये आयोगस्य समागम: किमर्थं महत्त्वपूर्ण: आसीत् २६ सितम्बर दिनाङ्के पूणायोगस्य बैठक: तस्मिन् समये अभवत् यदा एसआईआर-विषये तीव्रसार्वजनिकराजनैतिकविमर्शस्य विषय: आसीत्। केषुचित् प्रतिवेदनेषु निर्वाचनआयोगस्य अन्त:।

## निर्धारितं रेलवेस्य भौतिक दक्षतापरीक्षा (पीईटी) वर्षा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

विगतदिनेषु नगरे परिसरेषु च निरन्तरं चक्रवातवृष्टिं दृष्ट्वा, मौसमविभागस्य च आगामिदिनेषु प्रचण्डवृष्टे: पूवार्नुमानं दृष्ट्वा पश्चिममध्यरेलप्रशासनेन अभ्यर्थीनां सुरक्षां सुनिश्चित्य सवेर्षां कृते न्याय्य: अवसर: सुनिश्चित्य प्रमुख: निर्णय: कृत:। चतुर्दिवसीयं शारीरिकदक्षतापरीक्षा रेलवेभर्तीप्रकोष्ठेन पश्चिममध्यरेलवेद्वारा, केन्द्रीकृतरोजगारसूचनासंख्या सीईएन-08/2024 (स्तर-1) इत्यस्य अन्तर्गतं 28 सितम्बर 2026 त: 1 अक्टोबर 2026 पर्यन्तं करणीय: इति निर्धारितम् अस्ति---अग्रे आदेशान् यावत् तत्कालं प्रभावेण स्थगितम् अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : आज मेष राशि वाले धन के मामले में अपने रिसोर्सेज को बेहतर मैनेज करने पर फोकस करें। संतुलित जीवनशैली बनाए रखें।

**वृषभ** : आज नए अवसरों की खोज करने और मौजूदा रिश्तों को मजबूत करने का दिन है। साथी से जुड़ने के नए तरीके मिल सकते हैं।

**मिथुन** : आज सेहत को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह आपके दिन के अन्य पहलुओं को पॉजिटिव रूप से प्रभावित कर सकता है।

**कर्क** : आज अप्रत्याशित स्थानों पर सफलता मिलने की संभावना है। अपनी फीलिंग्स और व्यावहारिक मामलों पर फोकस करें।

**सिंह** : रिलेशन पर विचार करते हुए, करियर में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए और अपने धन को प्रभावी ढंग से मैनेज करते हुए पा सकते हैं।

**कन्या** : आज की एनर्जी आपको अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में समझ और संतुलन की तलाश करने के लिए मोटिवेट करती है।

**तुला** : आज का दिन आपके जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में विकास की संभावनाओं से भरा हुआ है। जीवन में नए अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** : वृश्चिक राशि के लोग खुद को ऐसी सिचूऐशन में पा सकते हैं, जिनमें सोच और जरूरी फैसले लेने की आवश्यकता होती है।

**धनु** : आज का दिन आपको अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में विकास के अवसरों की तलाश करने के लिए मोटिवेट करता है।

**मकर** : आज खुद पर भरोसा करें और परिवर्तन के अनुकूल बने रहें। आर्थिक रूप से, सावधानी से डिसीजन लेना फायदेमंद रहेगा।

**कुंभ** : आज रिलेशन में बातचीत और वित्तीय मैनेजमेंट पर ध्यान देने से पॉजिटिव परिणाम मिल सकते हैं।

**मीन** : तनाव को कम करने और सेहत को बेहतर बनाने वाले अभ्यासों से आपके स्वास्थ्य को लाभ हो सकता है।

## ज्योतिष/वास्तु

# अक्टूबर में कई ग्रहों के राशि परिवर्तन से सुधरेगी आर्थिक स्थिति, मिलेगा भाग्य का साथ

अक्टूबर का महीना ज्योतिषीय घटनाक्रम के हिसाब से बहुत ही खास रहने वाला है। इस माह में कई ग्रहों का राशि परिवर्तन, चाल और नक्षत्रों में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस माह सूर्य, गुरु और शुक्र जैसे प्रमुख अपनी राशि बदलेंगे। 17 अक्टूबर को सूर्य तुला राशि में गोचर करेंगे। फिर 31 अक्टूबर को गुरु सिंह राशि में गोचर करेंगे और उसके एक दिन पहले शुक्र उदय होंगे। अक्तूबर में ग्रहों-नक्षत्रों की स्थितियों में बदलाव कई राशियों के जीवन में भौतिक सुख-सुविधाओं और आर्थिक मामलों में तेजी लाएगा, करियर में ऊंचा मुकाम मिल सकता है। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं अक्तूबर के महीने में किन राशियों को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों के लिए अक्टूबर माह बहुत ही अच्छी बीतेगा। इस माह आपको एक साथ कई तरह के शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। इस दौरान कोई महत्वपूर्ण फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले काफी बेहतर रह सकती है। इस माह आपकी कई तरह के इच्छाएं पूरी होने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। भाग्य का अच्छा साथ मिल सकता है।

**कर्क राशि -** अक्टूबर माह में कई ग्रहों के गोचर करने से कर्क राशि वालों को बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी क्योंकि आपको आय के कई तरह के अवसर मिलेंगे। धन की स्थिति में अच्छे और महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आपके बैंक-बैलेंस में वृद्धि के योग हैं।



आपको भौतिक सुख-सुविधओं की प्राप्ति इस माह हो सकती है। अचानक से धन प्राप्ति के योग बनेंगे। सेहत अच्छी रहेगी और परिवार के सदस्यों का भरपूर साथ मिलेगा।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों को अक्टूबर माह बहुत ही शुभ साबित हो सकता है। इस राशि के जातकों को भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा और उनकी कड़ी मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। आपके व्यक्तित्व में बड़ा निखार आ सकता है। नौकरीपेशा जातकों को नई नौकरी के लिए कुछ बेहतर अवसर मिलेंगे। सरकारी कार्यों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। इस दौरान आपके रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक राशि-** अक्टूबर का महीना वृश्चिक राशि वालों के लिए आर्थिक लाभ के सुनहरे मौके दिला सकता है। इस माह आपके अधूरे काम और सपने पूरे होंगे। जो लोग काम के सिलसिले में विदेश की यात्रा पर जाना चाहते हैं उनकी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। इस माह आपको घर-परिवार के सदस्यों को भरपूर साथ मिलेगा, साथ ही पैतृक संपत्ति से संबंधित कुछ हिस्सेदारी भी मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। सेहत अच्छी रहेगी और पूरे माह मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए अक्टूबर का महीना किसी तरह के वरदान से कम नहीं होगा। पिछले कई दिनों से चली आ रही परेशानियों को अंत होगा। करियर-कारोबार में बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। इस माह आपके धन की स्थिति में बदलाव आ सकता है। आपको पुराने कर्जो से मुक्ति मिलेगी। इस माह घर के सदस्यों संग कहीं बाहर की योजना बना सकते हैं।

### 4X400 मीटर विमेंस रिले रेस में सोना जीता, गुलवीर की हैट्रिक, लगातार छठी बार भारत के 50 मेडल

# भारत को एशियन गेम्स में 7वां गोल्ड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नगोया

भारत ने एशियन गेम्स 2026 में 7वां गोल्ड मेडल जीत लिया है। टीम इंडिया ने बुधवार को महिला कंपाउंड टीम इवेंट में चीन को 238-234 से हराया। गोल्ड जीतने वाली महिला टीम में ज्योति सुरेखा, चिकिता तनिपार्थी और पृथिका प्रदीप शामिल हैं। फाइनल में पृथिका और ज्योति का हर शॉट निशाने पर लगा। चिकिता और राजेश जाधव की भारतीय जोड़ी भी मिक्स्ड इवेंट के फाइनल में पहुंच गई है। उसका मुकाबला कोरिया से होगा।

भारत को अब तक 7 में से 5 गोल्ड महिलाओं ने दिलाए हैं। बाकी 2 पुरुष कबड्डी और पिस्टल के मिक्स्ड इवेंट में आए। भारतीय महिला टीम ने एशियन गेम्स के कंपाउंड इवेंट में लगातार दूसरा गोल्ड मेडल जीता है।

**भारतीय टीम ने वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की-** भारतीय टीम ने 238 अंक के स्कोर के साथ महिला कंपाउंड आर्चरी का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बराबर कर लिया है। यह रिकॉर्ड साउथ कोरिया के नाम था, जो उसने 2014 में बनाया था। एशियाड के 11वें दिन 24 गोल्ड मेडल दांव पर है। फिलहाल, भारत 7 गोल्ड, 21 सिल्वर और 25 ब्रॉन्ज के साथ 53 मेडल जीतकर 9वें स्थान पर है।

इससे पहले गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर रेस में 13 मिनट 32.75 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज जीता। वे 10 हजार और 1500 मीटर में सिल्वर जीत चुके हैं। वे मेडल की हैट्रिक करने वाले पहले भारतीय पुरुष धावक बने। इधर, नीरू ढांडा ने विमेंस ट्रैप शूटिंग में गोल्ड जीता। 10 दिन पहले फ्लू की वजह से अस्पताल में भर्ती रहीं नीरू इस इवेंट में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

**10 दिन पहले अस्पताल में भर्ती थी-** 10 दिन पहले जब नीरू फ्लू की वजह से हॉस्पिटल में एडमिट थीं, तो 5 दिनों तक कुछ खा-पी नहीं पाई थीं। तब उनके कोच मनशेर सिंह ने उन्हें बीमारी भुलाकर अपना सब कुछ झोंक देने के लिए प्रेरित किया था। जीत के बाद नीरू ने कहा, मनशेर सर ने बस यही कहा कि जो हुआ उसे भूल जाओ और निशाने पर ध्यान लगाओ, और मैंने वही किया।

**भारत को शूटिंग में दूसरा गोल्ड-** भारत को आज व्यक्तिगत स्पर्धा का पहला गोल्ड मिला। नीरू ने गोल्ड जीता। इससे पहले इस गेम्स का पहला गोल्ड पिस्टल शूटिंग के मिक्स्ड इवेंट में आया।



**महिला हाई जंप में पूजा को ब्रॉन्ज-** पूजा ने महिला हाई जंप में ब्रॉन्ज जीता। उन्होंने 1.84 मीटर की ऊंचाई पार की। 1.87 मीटर पर उनके तीनों प्रयास असफल रहे।
**पुरुष 4X400 मीटर रिले में भी ब्रॉन्ज-** महिला टीम के गोल्ड के बाद पुरुष टीम गोल्ड की उम्मीद लेकर उतरी, लेकिन ब्रॉन्ज जीत सकी। जापान ने गोल्ड और कतर ने सिल्वर जीता। भारत के लिए मनु टी. और विशाल टीके ने दूसरे और चौथे लेग में मजबूत प्रदर्शन किया, लेकिन टीम जापान और कतर की बराबरी नहीं कर सकी।

## मोहित शर्मा सीएसके के नए बॉलिंग कोच बनेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज मोहित शर्मा चेन्नई सुपर किंग्स के नए बॉलिंग कोच होंगे। वे साउथ अफ्रीका के एरिक सिमंस की जगह लेंगे। मोहित हेड कोच जहीर खान के सपोर्ट स्टाफ में शामिल होने वाले पहले सदस्य होंगे।

मोहित शर्मा सीएसके के लिए चार आईपीएल सीजन खेल चुके हैं। सीएसके के लिए उन्होंने आईपीएल में 48 मैच खेले, जबकि अब खत्म हो चुकी चैंपियंस लीग टी-20 में भी टीम की ओर से 10 मुकाबले खेले। उन्होंने आईपीएल करियर की शुरूआत 2013 में सीएसके के साथ की थी। 2014 में उन्होंने 16 मैचों में 23 विकेट लेकर पर्पल कैप जीती। 2013 के अपने पहले आईपीएल सीजन में भी उन्होंने 15 मैचों में 20 विकेट लिए थे। बाद में वह पंजाब, दिल्ली और गुजरात के लिए भी खेले। आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के लिए 14 मैचों में 27 विकेट लेकर उन्होंने शानदार वापसी की थी। वह उस सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज से सिर्फ एक विकेट पीछे रहे थे। 38 साल के मोहित शर्मा ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से अपना आखिरी आईपीएल सीजन खेला था। उनका आखिरी मुकाबला 24 मई 2025 को पंजाब किंग्स के खिलाफ जयपुर में था। दिल्ली ने यह मैच 6 विकेट से जीता था। मोहित ने उस मुकाबले में 4 ओवर में 47 रन दिए और कोई विकेट नहीं लिया। मोहित ने भारत के लिए 26 वनडे और 8 टी-20 इंटरनेशनल खेले। उनका इंटरनेशनल करियर 2013 से 2015 तक रहा।

### सचिन-कोहली के क्लब में आ सकते हैं रोहित शर्मा

# वनडे में 12 हजार रन से 73 रन दूर आज भारत-वेस्टइंडीज दूसरा मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुवाहाटी

भारत और वेस्टइंडीज के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला आज खेला जाएगा। मैच दोपहर 2 बजे से गुवाहाटी में खेला जाएगा। ओपनर रोहित शर्मा 12 हजार वनडे रन से 73 रन दूर हैं। रोहित के इस आंकड़े तक पहुंचते ही ऐसा करने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

तिरुवनंतपुरम में खेले गए सीरीज के पहले मैच में विराट कोहली ने वनडे में सबसे तेज 15 हजार रन पूरे किए थे। भारत ने यह मुकाबला 8 विकेट से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई थी।

**रोहित-कोहली ने 2018 में इसी मैदान पर शतक लगाया-** गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में 2 वनडे मुकाबले खेले गए हैं। 2018 में भी भारत-वेस्टइंडीज का वनडे मैच यहां खेला गया था। वेस्टइंडीज ने 323 रन का टारगेट दिया था। जवाब में भारत ने रोहित और कोहली के शतकों की मदद से 8 विकेट रहते जीत दर्ज की। रोहित ने 117 गेंद पर नाबाद 152 रन बनाए थे। वहीं कोहली ने 107 गेंद पर 140 रन की पारी खेली थी।

**कुलदीप 200 वनडे विकेट से 2 कदम दूर-** कुलदीप यादव वनडे क्रिकेट में 200 विकेट पूरे करने से सिर्फ 2 विकेट दूर हैं। यह उपलब्धि हासिल करते ही वे 200 वनडे विकेट लेने वाले 9वें भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। भारत की ओर से वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम है। उन्होंने 269 मैचों में 334 विकेट लिए हैं। कुलदीप से आगे भारतीय गेंदबाजों में रवींद्र जडेजा 232 विकेट और मोहम्मद शमी 206 विकेट के साथ मौजूद हैं।



**वेस्टइंडीज से पिछले 12 वनडे में भारत सिर्फ 1 मैच हारा-** वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले पिछले 12 वनडे मुकाबलों में भारत ने 11 मैच जीते हैं। वहीं वेस्टइंडीज सिर्फ 1 मैच जीत सका। दोनों टीमों के बीच कुल 143 वनडे खेले गए। भारत ने 73 मैच जीते, जबकि वेस्टइंडीज ने 64 मुकाबले अपने नाम किए हैं।

**गिल ने इस साल 95 के एवरेज से रन बनाए-** शुभमन गिल इस साल वनडे में भारत के टॉप स्कोरर रहे हैं। उन्होंने 10 वनडे में 671 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 95.85 के बैटिंग एवरेज से बल्लेबाजी की।

## खबर एक नजर...

### बाइक सवार की मौत के बाद कार चालक पर केस

**उज्जैन।** माकडोन में 23 सितंबर को इलमखेड़ी फंटा हनुमान चौपाटी ग्राम झलारा मार्ग पर कार क्रमांक एमपी 04 व्हाय एच 7349 के चालक ने बाइक पर सवार शिवनारायण पिता फुंदीलाल शर्मा 65 साल निवासी ग्राम झलारा को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में शिवनारायण की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। सोमवार रात मामले में कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर बाइक सवार की जान लेने का प्रकरण दर्ज कर लिया। घटनाक्रम के बाद कार चालक मौके से भाग निकला था। नम्बर के आधार पर कार को जप्त कर चालक को गिरफ्तार किया जायेगा।

### ट्रेक्टर फायनेंस कराने की बात पर 2 पक्षों में विवाद

**उज्जैन।** खाचरौद के ग्राम लोहचितारा में रहने वाले राजपूत परिवार के 2 पक्षों में ट्रेक्टर फायनेंस कराने की बात को लेकर विवाद हो गया। एक पक्ष से भोलूराम पिता गोरधनसिंह 19 साल और दूसरे पक्ष से टीकम पिता जोरावरसिंह 35 साल ने अपने परिजनों के साथ मिलकर एक-दूसरे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। विवाद के बाद दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे। एक ही परिवार में विवाद का मामला होने पर पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।

### दराते से हमला किया तो घर में घुसकर दी धमकी

**उज्जैन।** नागदा थाना क्षेत्र के सुभाष मार्ग पर रहने वाले यश पिता पप्पू नाहर और पड़ोसी ललित पिता राजेश सोलंकी के बीच विवाद हो गया। ललित ने अपने परिवार के साथ मिलकर यश को जाति सूचक शब्द कहे और दराते से हमला किया। यश और उसका साथी अंकित बाथम घायल हो गये। विवाद बढ़ता देख यश ने अपने परिवार और साथियों के साथ मिलकर राजेश के घर में घुसकर लात-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर दोनों पक्ष से घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया और दोनों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया।

### 18 साल का युवक लापता, परिवार को अपहरण शंका

**उज्जैन।** देवासरोड महालक्ष्मी नगर में रहने वाला आदर्श पिता धर्मेन्द्रसिंह राजपूत 18 साल सोमवार शाम को घर से निकला था। उसके बाद देर रात तक नही लौटा, परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, नहीं मिलने पर आधी रात को नागझिरी थाने पहुंचकर उसके लापता होने की जानकारी दी और अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण किये जाने की शंका जताई। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज किया है। युवक की तलाश में महालक्ष्मी नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। मंगलवार शाम तक युवक का कुछ पता नहीं चल पाया था।

### झंडा चौक पर 2 युवक लिख रहे थे सट्टा अंक

**उज्जैन।** तराना में झंडा चौक पर शाम ढलने के बाद अंधेरे में 2 युवकों द्वारा सट्टा अंक लिखने का काम किया जा रहा था। मामले की सूचना मिलने पर एआई मनोहर पटेल और एएसआई आनंदसिंह झाला टीम के साथ पहुंचे और दोनों युवकों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उनके पास से सट्टा अंक लिखी पर्ची और लेनदेन के रुपए बरामद किये गये। दोनों के खिलाफ पुलिस ने सट्टा एक्ट अधिनियम की धारा 4-क का प्रकरण दर्ज किया है। दोनों के खिलाफ जल्द न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया जायेगा।

### जहरीला पदार्थ खाने वाला 2 बच्चों का था पिता

**उज्जैन।** भैरूगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबलाधूता में रहने वाले सीताराम पिता भैरूलाल ने सोमवार का शराब के साथ मिलकर जहरीला पदार्थ गटक लिया था। उसकी अस्पताल लाने पर मौत हो गई थी। मंगलवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि सीताराम मजदूरी करता था और 2 बच्चों का पिता था। घटना के समय पत्नी मजदूरी पर गई थी। परिजनों का कहना था कि उस पर कोई कर्ज नहीं था ना ही किसी से वाद विवाद था। उसे शराब पीने की आदत पड़ गई थी। संभवतः नशे में उसने आत्महत्या की है।

### न्यूनतम तापमान कम हुआ तो अधिकतम बढ़ा

**उज्जैन।** बारिश थमने के बाद मौसम में बदलाव दिखाई दे रहा है। सोमवार-मंगलवार रात न्यूनतम तापमान में ढाई डिग्री की गिरावट और 19 डिग्री दर्ज हुआ। पिछले कुछ दिनों से रात का तापमान 23 से 24 डिग्री के बीच दर्ज हो रहा था। रात के तापमान में आई गिरावट के बाद मंगलवार को अधिकतम तापमान में तेजी दर्ज की गई। शासकीय वेधशाला पर दिन का तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया। वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र कुमार गुप्त के अनुसार वर्षाकाल समाप्त होने में एक दिन शेष बचा है। अब बारिश का कोई नया सिस्टम एक्टिवेट होता दिखाई नहीं दे रहा है। जिसके चलते दिन के तापमान में कुछ दिनों तक तेजी आयेगी। रात के तापमान उतार-चढाव बना रहेगा। इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 9 इंच बारिश कम हुई है।

| दिन | 147-2 | 679-2 |
|---|---|---|
| मेन बाजार | 490-3 | 147-2 |
| मिलन डे | 444-2 | 156-2 |
| मिलन नाइट | 899-6 | 235-0 |

5 8 0

### सड़क चौड़ीकरण के दौरान पथराव : 4 को भेजा गया जेल, सोशल मीडिया पर पुलिस की नजरें

# शाही मस्जिद मामला: 14 उपद्रवी पुलिस की गिरफ्त में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चौड़ीकरण की जद में शाही मस्जिद का एक हिस्सा तोड़ने की कार्रवाई सोमवार को शुरू हुई थी। कुछ उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया था और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट कर अशांति फैलाने का प्रयास किया था। 3 थानों की पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा, धार्मिक सौहार्द प्रभावित करने और कलेक्टर आदेश का उल्लंघन करने के 8 मामले दर्ज किये थे। मंगलवार को 14 उपद्रवियों की गिरफ्तारी कर ली गई। 4 को जेल भेजा जा चुका है।

गोपाल मंदिर मार्ग चौड़ीकरण में शाही मस्जिद का एक हिस्सा प्रशासन और मस्जिद कमेटी के समन्वय से हटाने का काम किया जा रहा है। इस दौरान सोमवार को कुछ उपद्रवियों ने बबाल कर दिया था। उन्होने पुलिस पर पथराव किया था, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े थे और हल्का बल प्रयोग कर सभी को खदेड दिया था। दोपहर बाद मामला शांत हो गया था लेकिन पुलिस एक्शन में आ चुकी थी। खाराकुआ, महाकाल और कोतवाल थाने में



शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने, पथराव, धार्मिक सौहार्द प्रभावित करने वाली गतिविधियों, सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने तथा कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के उल्लंघन करने के मामले दर्ज कर लिये थे। करीब 35 से अधिक आरोपी सभी मामले में चिन्हित किये और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये गये। खाराकुआ थाने में 3 प्रकरण दर्ज किये है, जिसमें मंगलवार शाम तक पुलिस 10 को गिरफ्तार किया जा चुका है। महाकाल थाना पुलिस ने 2 मामले दर्ज किये और 4 आरोपियों अब्दुल शाकीर पिता अब्दुल सलाम, निवासी अहमदनगर, अल्तमस पिता साबिर निवासी मीना की चाल, नागझिरी, अरबाज पिता अय्यूब, निवासी बेगमबाग कॉलोनी और वसीम पिता नईम, निवासी यादव कॉलोनी आगर रोड को गिरफ्तार कर लिया। चारों को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। कोतवाली थाना पुलिस ने शहरकाजी के मकान पर नारेबाजी करते हुये पथराव करने का प्रकरण दर्ज किया है। जिसमें आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

#### खाराकुआ पुलिस की हिरासत में आरोपी

खाराकुआ थाना पुलिस ने 3 मामले दर्ज किये है। जिसमें गिरफ्तार आरोपी अरसद हुसैन पिता सब्बीर, निवासी कोर्ट मोहल्ला, इशान पिता मुबारिक खान, निवासी मिल्कीपुरा, तैय्यब पिता मोहम्मद गनी आगर नाका, सलमान पिता आजाद, अहमद नगर, कासिम पिता रिजवान बेगमबाग कॉलोनी, आशिक पिता इकबाल अब्दुल मसद्दीपुरा, साहिल पिता अब्दुल रसीद खान जयसिंहपुरा, शाबिर पिता अकरम गणेश कॉलोनी जयसिंहपुरा, शेख अल्फेज पिता आशिम गरीब नवाज कॉलोनी और समीर पिता मुबारिक, निवासी शंकरपुर, उज्जैन है।

#### अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की नजर

पुलिस सोशल मीडिया प्लेटफार्मो पर लगातार निगरानी रख रही है। सोमवार को सामने आया था कि कुछ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक्टिव रहने वालों ने अफवाह फैलाई थी और सौहार्द का बिगाड़ने का काम किया था। पुलिस द्वारा 5 ऐसे लोगों पर भी प्रकरण दर्ज किया है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि धार्मिक सौहार्द, कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली आपत्तिजनक, भ्रामक और अफवाहजनक सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध उपलब्ध तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### लक्की दरबार ढाबा डबल मर्डर में एक माह से था फरार

# समर्पण करने वाले आरोपी की थाने में बिगड़ी तबीयत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एक माह पहले कानीपुरा में डबल मर्डर के मामले में फरार चल रहे 2 आरोपियों ने सोमवार को थाने पहुंचकर समर्पण कर दिया था। रात में एक आरोपी की तबीयत बिगड़ गई। जिसे पुलिस अभिरक्षा में निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के कनीपुरा स्थित मार्ग पर 26 अगस्त की रात लक्की दरबार ढाबा पर करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल दरबार उर्फ विजयप्रताप पिता दिलीपसिंह 42 साल निवासी नीमनवासा और उसके साथी जितेन्द्र उर्फ टम्मू पिता निर्भयसिंह पंवार निवासी उंडासा की धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी गई थी। डबल मर्डर से सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मामले में करणी सेना के पूर्व नगर अध्यक्ष शक्तिसिंह, अर्पित अटल, सोनू बंजारा, अन्ना बंजारा, राकेश बानिया और अन्य के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया। घटना के बाद शक्तिसिंह, अर्पित



#### दूसरे आरोपी का लिया गया रिमांड

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि सोनू बंजारा के साथ थाने में समर्पण करने वाले दूसरे आरोपी विशाल सांडिया को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से 2 दिनों की रिमांड पर लेकर एक माह तक फरार रहने के संबंध में पूछताछ करने के साथ फरार साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

#### श्रवण की शिकायत दर्ज हुआ था केस

लक्की दरबार ढाबे पर हुये डबल मर्डर में मृतकों के दो साथी श्रवण और ढाबा संचालक पप्पू जाट भी घायल हुआ था। पुलिस ने घायल श्रवण की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। हमले के दौरान आरोपियों में शामिल शक्तिसिंह को भी चोंट लगी थी। मृतक करणी सेना से जुड़े थे जिसके चलते करणी सेना ने मक्सीरोड पर चक्काजाम करते हुये आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने और उनके मकान तोड़ने की मांग रखी थी।

अटल, अन्ना उर्फ अनिल, राघव बैरागी और दुर्गेश उर्फ संजय परमार को गिरफ्तार कर लिया गया था। अन्य आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने 3 अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी बाद में कर ली थी। 7 आरोपी फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। एक माह बाद सोमवार शाम डबल मर्डर में फरार आरोपी सोनू पिता मोतीलाल बंजारा निवासी शंकरपुर और विशाल पिता सांडिया निवासी संजय नगर में चिमनगंज थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। पुलिस मंगलवार को दोनों को कोर्ट में पेश करने वाली थी। इससे पहले रात में ही सोनू बंजारा की तबीयत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिये शासकीय अस्पताल से निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां ब्रेक स्ट्रोक की आशंका जताई गई। टीआई विवेक कनोडिया ने बताया कि दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार का इनाम था। डबल मर्डर में अब भी चार आरोपी शिवेन्द्र सिकरवार, बिट्टू तिवारी, अभिषेक बच्चन और विशाल जाधव फरार है।

## पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन अब सप्ताह में 5 दिन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पर्यटकों एवं यात्रियों की मांग को प्राथमिकता देते हुए रेलवे ने हेरिटेज ट्रेन पातालपानी-कालाकुंड ट्रेन को अब सप्ताह में 5 दिन कर दिया है। अभी तक यह सप्ताह में दो दिन चलाई जा रही थी। इससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी। पातालपानी-कालाकुंड रेलखंड अपनी प्राकृतिक सुंदरता एवं मनोरम दृश्यों के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा पातालपानी से कालाकुंड के मध्य संचालित गाड़ी संख्या 52965/52966 पातालपानी-कालाकुंड-पातालपानी हेरिटेज ट्रेन के परिचालन दिन में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, यह हेरिटेज ट्रेन 30 सितंबर 2026 से सप्ताह में 05 दिन संचालित की जाएगी। ट्रेन प्रति मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को संचालित होगी। इस प्रकार ट्रेन की सेवा सप्ताह में 05 दिन उपलब्ध रहेगी।

इस ट्रेन के आगमन/प्रस्थान समय, ठहराव, कोच कंपोजीशन आदि में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका परिचालन पूर्वानुसार ही किया जाएगा।

**मंगलवार से बुकिंग शुरू-** विस्तारित दिनों की बुकिंग 29 सितंबर 2026 से आरम्भ कर दी गई है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हेरिटेज ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

**पेंशन अदालत दिसम्बर-26 का आयोजन-** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर पेंशन या परिवार पेंशन मिलने में किसी भी प्रकार की विसंगति को दूर करने के लिए 15 दिसम्बर, 2026 दिन मंगलवार को पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 है।रेल कर्मचारी जो रतलाम मंडल पर कार्यरत थे और सेवानिवृत्त होकर पेंशन प्राप्त कर रहे हैं या उनके आश्रित पेंशन प्राप्त कर रहे हैं तथा उनके पेंशन में किसी प्रकार की विसंगति है तो उसका निराकरण करने के लिए 15 दिसम्बर 2026, मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रतलाम द्वारा पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस पेंशन अदालत में पेंशन से संबंधित शिकायतें जैसे-पेंशन समय पर नहीं मिलना, पेंशन की राशि घटा/बढ़ा कर दिया जाना, पेंशन किसी कारणवश बंद हो जाना, पेंशन में किसी प्रकार की कटोत्रा किया जाना आदि का निराकरण किया जाएगा। शिकायतों के निराकरण हेतु शिकायतकर्ता अपने साथ सभी आवश्यक कागजात लेकर 15 दिसम्बर 2026 दिन मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर स्थित एनेक्सी हॉल में प्रातः 11.00 बजे तक उपस्थित होना पड़ेगा।

## खड़े ट्रक से टकराया बाइक सवार युवक, मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नागदा जावरा रोड पर सोमवार-मंगलवार रात मोड पर खड़े ट्रक में पीछे से बाइक सवार टकरा गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक ट्रक खड़ा करने का प्रकरण दर्ज किया है।



बिरलाग्राम थाना पुलिस ने बताया कि नागदा जावरा मार्ग बिरीयाखेड़ी फंटा पर रात 3 बजे के लगभग दुर्घटना में युवक की मौत होने का पता चलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक युवक विकास पिता रामसिंह मीणा 32 साल निवासी शिवपुरा कालोनी रतलाम का रहने वाला है। वह मोड पर खड़े ट्रक में पीछे से टकराया था। रात में ही पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। मंगलवार सुबह परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनो का कहना था कि मजदूरी करता था और रात 8 बजे बाइक लेकर घर से निकला था। कहां गया था यह पता नहीं है। पुलिस के अनुसार मामले में ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव रतलाम लेकर गये है।

## घर के बाहर बैठी युवती का अपहरण

**उज्जैन।** घर के बाहर बैठी युवती का मंगलवार रात 8 बजे एक युवक ने अपहरण कर लिया। वह अपने साथी के साथ कार से आया था। युवती के परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने युवक और उसके साथी की तलाश शुरू कर दी है। जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के लालबाई-फूलबाई क्षेत्र में परिजनों के साथ रात 8 बजे घर के बाहर बैठी युवती को अचानक कार से उतरे एक युवक ने उठाया और कार में बैठा लिया। युवती के परिजनों ने शोर मचाया और उसे छुड़ाने का प्रयास किया लेकिन युवक के कार चालक साथी कार आगे बढ़ा ली और युवती का अपहरण कर ले गये। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, इस दौरान पता चला कि अपहरण करने वाला ध्रुव नामक युवक है पुलिस ने युवती और उसका अपहरण करने वालों की तलाश में एक टीम गठित कर पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिये। रात 12 बजे तक युवती का पता नहीं चल पाया था। बताया जा रहा है कि युवती का परिवार घर के बाहर अंडे का व्यवसाय करता है। युवती के पिता ड्रायवर है। जीवाजीगंज थाना टीआई प्रतीक शर्मा ने बताया कि मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। जल्द युवती को अपहरणकर्ताओं से मुक्त कराकर उन्हे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### अब शहर की स्वच्छता एवं सेनिटेशन की सुविधाओं को और अधिक सुदृढ किया जा सकेगा

# प्रगति 50 में उज्जैन का चयन

## देश के 50 मॉडल शहरों में शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत नगरीय स्वच्छता एवं सेनिटेशन के क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई प्रगति 50 पहल में उज्जैन शहर का चयन देश के 50 मॉडल शहरों में किया गया है। इन शहरों को स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

29 सितंबर 2026 को प्रगति 50 पहल का राष्ट्रीय शुभारंभ आवास एवं शहरी कार्य मंत्री भारत सरकार मनोहर लाल खट्टर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुआ। कार्यक्रम में उज्जैन नगर पालिक निगम की ओर से महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा वीसी के माध्यम से सम्मिलित हुए तथा स्मार्ट सिटी कार्यालय में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह एवं उपायुक्त योगेन्द्र सिंह पटेल उपस्थित रहे।

**सिंहस्थ -28 दृष्टिगत उज्जैन की विशेष कार्ययोजना-** उज्जैन के चयन को सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों से भी महत्वपूर्ण रूप से जोड़ा गया है। सिंहस्थ के दौरान देश-विदेश से आने



वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए शहर की स्वच्छता एवं सेनिटेशन अधोसंरचना को और सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रगति 50 का उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत शहरों में स्वच्छता के वास्तविक एवं परिणाम आधारित मानकों को तेजी से प्राप्त करना है। यह कोई अलग योजना अथवा नया कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के लक्ष्यों को गति देने के लिए तैयार की गई लक्ष्य आधारित विशेष पहल है।

#### ये होगा फायदा

- घाटों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा।
- सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा।
- ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्थाओं को उन्नत किया जाएगा।
- श्रद्धालुओं की बढती आवाजाही को दृष्टिगत भीड़ आधारित स्वच्छता व्यवस्था विकसित की जाएगी।
- क्षिप्रा नदी की स्वच्छता, उपयोगिता जल प्रबंधन एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन के लिए समन्वित कार्ययोजना पर कार्य किया जाएगा।
- सिंहस्थ को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित करने तथा सर्कुलर सेनिटेशन मैनेजमेंट की अवधारणा को प्रभावी रूप से अपनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

#### प्रदर्शन के आधार पर चयन

प्रगति 50 के लिए उज्जैन का चयन स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत उपलब्ध प्रदर्शन एवं स्वच्छता संबंधी परिणामों के आधार पर किया गया है। इसमें स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन, गेरबेग फ्री सीटी स्टार रेटिंग, स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, घर-घर कचरा संग्रहण, एमआरएफ, कम्पोस्टिंग एवं अपशिष्ट प्रसंस्करण, उपयोगित जल प्रबंधन सहित विभिन्न स्वच्छता अधोसंरचनाओं की उपलब्धता को प्रमुखता दी गई है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com